01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 1

वर्ष-16 अंक-44 प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित अनूपपुर, 07 नवम्बर से 13 नवम्बर 2024 मूल्य 2.00 पृष्ठ-8 epaper www.fatwasamachar.com




RNI-MPHIN/2008/24599

# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

सुविचार

गलती पीठ की तरह होती है, औरों की दिखती है अपनी नहीं!

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली सीएम आवास पुनर्निर्माण को लेकर बीजेपी ने लगाए आप पर आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम आवास के पुनर्निर्माण में अनियमितताओं को लेकर बीजेपी विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद सेंट्रल विजिलेंस कमीशन (सीवीसी) ने सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (सीपीडब्ल्यूडी) से जांच रिपोर्ट मांगी है। बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने सीएम आवास के पुनर्निर्माण में कई नियमों का उल्लंघन किया है।
उन्होंने अपनी शिकायत में दावा किया कि सीएम आवास के पुनर्निर्माण के दौरान ग्राउंड कवरेज और फ्लोर एरिया रेशियो की अनुमोदित सीमा का उल्लंघन किया और इसका लेआउट प्लान सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत नहीं कराया।

### प्रेस विज्ञप्ति को कानून के रूप में नहीं माना जा सकता



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाभा पावर लिमिटेड की याचिका को खारिज करते हुए अपने एक अहम फैसले में कहा कि सरकार द्वारा नीति में बदलाव की घोषणा के लिए जारी की प्रेस विज्ञप्ति को कानून के रूप में नहीं माना जा सकता। इस बयान के आधार पर किसी को कानूनी लाभ नहीं दिया जा सकता, जब तक कि इसे अधिसूचना द्वारा औपचारिक रूप से लागू न किया जाए। जस्टिस बी.आर. गवई, प्रशांत कुमार मिश्रा और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रेस विज्ञप्ति केवल एक सरकारी वादा होती है, न कि तत्काल कानूनी बदलाव। कोर्ट ने नाभा पावर लिमिटेड की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कंपनी ने मेगा पावर परियोजनाओं पर सीमा शुल्क छूट के लिए प्रेस विज्ञप्ति के आधार पर लाभ मांगने का दावा किया था।

### मदरसों ने देश को आईएएस, आईपीएस, मंत्री दिए, उन पर संदेह करना गलत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की वैधता को बरकरार रखते हुए मदरसों के संचालन के अधिकारों की पुष्टि की। कोर्ट ने कहा कि यह अधिनियम राज्य की उस जिम्मेदारी के अनुरूप है, जो यह तय करती है कि मान्यता प्राप्त मदरसों में शिक्षा का स्तर ऐसा हो जो छात्रों को समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने और जीविकोपार्जन में सक्षम बनाए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने स्वागत किया है।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिनियम असंवैधानिक नहीं हो सकता क्योंकि इसके जरिए से हजारों लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अब मदरसे बिना किसी बाधा के स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं।

### सुषमा स्वराज ने जस्टिन ट्रूडो को दिखा दी थी हैसियत, कैप्टन ने बताया पूरा मामला




**नई दिल्ली।** भारत को अकड़ दिखाते-दिखाते कनाडा की कानून व्यवस्था इतनी चरमरा गई है कि दिन-दहाड़े मंदिरों में हमले होने लगे हैं। हिंदुओं को खुलेआम टारगेट किया जाता है और कनाडाई पीएम वहां होने वाले अपराधों का ठीकरा भारत पर फोड़ते नजर आते हैं। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद जिस तरह से जस्टिन ट्रूडो ने बेबुनियाद आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है, उससे दोनों देशों के रिश्ते बद से बदतर हो गए हैं।
इसी बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जस्टिन ट्रूडो पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने एक पुराना किस्सा भी याद किया।

# ट्रम्प को बहुमत मिला, फिर राष्ट्रपति बनेंगे: दूसरे विश्वयुद्ध के बाद पहले राष्ट्रपति जो हारकर फिर जीते; कमला कड़ी टक्कर के बाद भी हारीं

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्रंप के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, मेरे दोस्त, ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल की सफलताओं की सराहना करते हुए भारत-अमेरिका के बीच मजबूत और रणनीतिक साझेदारी की उम्मीद जताई है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि वह भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए तैयार हैं और दोनों देशों की भलाई और वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की आशा करते हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी और ट्रंप की दोस्ती दुनिया में काफी चर्चित रही है।








### ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत

*अमेरिका की 538 सीटों में से ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को 277 सीटें मिली हैं। बहुमत के लिए 270 सीटों की जरूरत होती है। वहीं, कमला हैरिस की पार्टी ने 224 सीटों पर जीत दर्ज की है। ट्रम्प ने बचे हुए सभी 4 राज्यों में ट्रम्प बढ़त बनाए हुए हैं। ऐसे में कमला कड़ी टक्कर देने के बावजूद चुनाव हार चुकी हैं।*
*राष्ट्रपति चुनाव के साथ ही अमेरिकी संसद के दोनों सदन सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के भी चुनाव हुए हैं। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत मिल गया है और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में लीड कर रही है।*

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों ने पकड़ी गति, टास्कफोर्स का गठन

# क्षिप्रा शुद्धीकरण के साथ सम्पूर्ण उज्जैन का विकास सर्वोच्य प्राथमिकता में : मुख्यमंत्री

**संवाददाता ➤ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये विशेष व्यवस्था? करने राज्य सरकार की टीम ने एकजुट होकर निरंतर कार्य कर रही है। राज्य स्तर पर टास्क फोर्स का गठन भी किया जा चुका है। सिंहस्थ- 2028 की व्यवस्थाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मांक्षिप्रा के शुद्धीकरण के लिए 599 करोड़ रूपये लागत की कान्ह-क्लोज डक्ट परियोजना का कार्य प्रगतिरत है। साथ ही उज्जैन में आवागमन के लिये चौतरफा सड़क, ब्रिज बनाकर फोर-लेन मार्ग भी बनाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ आवागमन और सौन्दर्यीकरण से संबंधित अनेक अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य प्रगतिरत हैं। उज्जैन पहुँचने वाले श्रद्धालु, विशेष रूप से बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिये ऐसी व्यवस्था की जा रही है, जिससे वे कम समय में सहजता से क्षिप्रा के घाटों और श्रद्धा स्थलों तक पहुँच सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में साधु-संतों के लिये इस बार विशेष पहल कर हरिद्वार की तरह स्थायी धार्मिक नगरी और आश्रम बनाये जायेंगे। इसके लिये सभी 13 अखाड़ों के महामंडलेश्वर, संत-महंतों के लिये आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जायेगी। इन प्रयासों से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के माध्यम से उज्जैन को विश्व पटल पर प्रमुखधार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में पहचान दिलाने के समग्र प्रयास किये जा रहे है। आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मन्दिर की पहुंच को और अधिक सुगम बनाने के लिये सदावल में हेलीपेड का निर्माण भी किया जायेगा। साथ ही उज्जैन की हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाने की पहल भी की जा रही है। उज्जैन को जोड़ने वाले चारों ओर के मार्गों को फोरलेन किया जायेगा, जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्र मुख्य मार्गों से जुड़ेंगे। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही उज्जैन शहर और उज्जैन ग्रामीण के बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये स्थाई प्रकृति के 62 करोड़ के कार्यों को मंजूरी दी गई है। इसमें आधुनिक बिजलीकनेक्शन और नवीन उपकेन्द्र बनाये जायेंगे।




## टिप्पणी से जताई असहमति

# डीवाई चंद्रचूड़ की टिप्पणी न तो उचित थी और न ही वांछित

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के जस्टिस कृष्णा अय्यर के सिद्धांत पर की टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। यह मामला अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या से जुड़ा हुआ है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि सीजेआई की टिप्पणी न तो उचित थी और न ही वांछित। जस्टिस सुधांशु धूलिया ने भी जस्टिस अय्यर की मार्क्सवादी व्याख्या की आलोचना करने वाले बहुमत के फैसले पर असहमति जताई है।सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या को लेकर एक मामले में जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ द्वारा जस्टिस कृष्णा अय्यर के सिद्धांत पर की गई टिप्पणी पर असहमति जताई है। यह मामला 1978 में रंगनाथ रेड्डी मामले में जस्टिस कृष्णा अय्यर ने इस अनुच्छेद पर अल्पसंख्यक दृष्टिकोण रखा था। बाद में 1982 के अल्पसंख्यक दृष्टिकोण को अपनाया था।

### मामलों में दिए फैसलों की समीक्षा

पीठ में जस्टिस नागरत्ना के पिता जस्टिस ई.एस. वेंकटरामैया भी शामिल थे, जो 1989 में भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे।हाल ही में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की पीठ ने रंगनाथ रेड्डी और संजीव कोक मामलों में दिए फैसलों की समीक्षा की। अपने फैसले में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि रंगनाथ रेड्डी मामले में बहुमत के फैसले ने अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या पर जस्टिस कृष्णा अय्यर द्वारा की कर लिया था।

## गार्ड वैन की खिड़की पर किसी चीज से हमला

# ओडिशा में चलती ट्रेन पर फायरिंग से दहशत में आए यात्री

**एजेंसी ➤ भुवनेश्वर**

ओडिशा में बदमाशों ने चलती ट्रेन पर फायरिंग की, इससे यात्री दहशत में आ गए और हड़कंप मच गया। कुछ अज्ञात लोगों ने चलती ट्रेन पर गोलियां दागीं। यह घटना राज्य के भद्रक जिले में हुई। ट्रेन पर फायरिंग की घटना की जीआरपी और पुलिस ने जांच शुरू की है। रेलवे के अनुसार, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है, हालांकि रेलवे के कोच के ग्लास टूट गए हैं। घटना के बाद रेलवे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने नंदन कानन एक्सप्रेस को सुरक्षित किया और उसे पुरी तक ले गए हैं। नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन ओडिशा के पुरी और दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलती है। रेलवे ने बयान में कहा कि 12816 आनंद विहार-पुरी नंदन कानन एक्सप्रेस के गार्ड ने घटना की सूचना दी। गार्ड ने कहा कि गार्ड वैन की खिड़की पर किसी चीज से हमला किया गया था।

# एनडीए ने यूसीसी तो इंडिया ब्लॉक ने सरना धर्म कोड लागू करने की दी गारंटी

## झारखंड विधानसभा चुनाव में दोनों गठबंधन जनता को रिझाने कर रहे वादे

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस चुनाव प्रचार में दोनों प्रमुख गठबंधन - एनडीए (बीजेपी और सहयोगी दल) और इंडिया ब्लॉक (झारखंड मुक्ति मोर्चा) जनता से कई चुनावी वादों का ऐलान किया है। इन वादों में आदिवासी, महिला और युवा वर्ग पर खास ध्यान दिया गया है, साथ ही राज्य के भविष्य के लिए कई योजनाएं पेश की हैं।

बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने का वादा किया है, लेकिन यह साफ किया है कि आदिवासी समुदाय को इससे बाहर रखा जाएगा। बीजेपी के इस कदम का जवाब देते हुए इंडिया ब्लॉक ने सरना धर्म कोड लागू करने की गारंटी दी है।




### युवाओं को दो हजार रुपए प्रति माह दिया जाएगा

*यह कदम खास तौर पर आदिवासी समुदाय को धर्म से जुड़ी चिंताओं का समाधान देने के लिए उठाया है।बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया है कि पांच साल में पांच लाख रोजगार सृजित किए जाएंगे और तीन लाख सरकारी पदों को निष्पक्ष तरीके से भरा जाएगा। हजार रुपए प्रति माह दिया जाएगा।*

## 1980 के दशक में कई सिख अलगाववादी कनाडा में शरण लेने पहुंचे

# ऑपरेशन ब्लू स्टार..कनाडा में खालिस्तान आंदोलन की नींव, दोनों के बीच गहरा संबंध

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**

भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजगी के साथ तनाव का नया दौर शुरू हो गया है, खासकर ब्रैम्पटन में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हिंदू मंदिर पर हमले के बाद तनाव फिर चरम पर पहुंच गया है। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ी निंदा कर कनाडा सरकार को चेतावनी दी है कि वहां भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करे। कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर विदेश मंत्रालय ने भी अपनी चिंता जाहिर की है।

कनाडा में भारतीय मूल के लोगों की आबादी में सिखों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कुल आबादी का 2.1 प्रतिशत है। यह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि सिखों का कनाडा में प्रवास एक सदी से अधिक पुराना



### कनाडा में सिख समुदाय का विकास

*कनाडा में सिखों की संख्या 1900 के शुरुआती वर्षों में तेजी से बढ़ी। वे मुख्यत: रोजगार की तलाश में आए थे, लेकिन उन्हें नस्लीय भेदभाव और सांस्कृतिक पूर्वाग्रह का सामना भी करना पड़ा। इसके बाद तनाव बढ़ गया, और कनाडाई सरकार ने सख्त नियम लागू किए, जिससे भारतीय प्रवासियों की संख्या में कमी आई। 1908 के बाद से, कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या कम हो गई, विशेष रूप से कोमागाटा मारू घटना के बाद, जब 376 दक्षिण एशियाई यात्रियों को वैंकूवर में रोक दिया गया था।*

### ओडिशा में चलती ट्रेन पर फायरिंग से दहशत में आए यात्री

भुवनेश्वर। ओडिशा में बदमाशों ने चलती ट्रेन पर फायरिंग की, इससे यात्री दहशत में आ गए और हड़कंप मच गया। कुछ अज्ञात लोगों ने चलती ट्रेन पर गोलियां दागीं। यह घटना राज्य के भद्रक जिले में हुई। ट्रेन पर फायरिंग की घटना की जीआरपी और पुलिस ने जांच शुरू की है। रेलवे के अनुसार, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है, हालांकि रेलवे के कोच के ग्लास टूट गए हैं। घटना के बाद रेलवे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने नंदन कानन एक्सप्रेस को सुरक्षित किया और उसे पुरी तक ले गए हैं। नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन ओडिशा के पुरी और दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलती है। रेलवे ने बयान में कहा कि गार्ड ने घटना की सूचना दी।

01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 2



संपादकीय

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह

कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है।निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है।

## चिंतन-मनन

# सहन करना सीखें

व्यक्ति स्वयं ही बेचैनी का जीवन जीता है और अकारण ही जीवन में अनेक कष्टों को आमंत्रित कर लेता है। एक आदमी था। वह सदा प्रसन्न रहता था। एक दिन उसको उदास देखकर मित्र ने पूछा, मित्र! तुम सदा प्रसन्न रहते थे। तुम्हारी सारी अनुकूलताएं थीं। पर आज तुम बहुत उदास दिख रहे हो, यह क्यों? उसने कहा, मेरी प्रसन्नता गायब हो गई। आज से नहीं, बारह महीनों से वह गायब है। इसका भी कारण है। पहले इस गांव में मेरा मकान सबसे ऊंचा था। न जाने एक व्यक्ति कहां से आ टपका कि उसने मेरे मकान से भी ऊंचा मकान बना डाला। उसी दिन से मेरी प्रसन्नता समाप्त हो गई।

इसकी कोई दवा नहीं है। आयुर्वेद विज्ञान में, मेडिकल साइन्स में, साइकोलॉजी में इसकी कोई दवा नहीं है। यह साइकोसोमेटिक बीमारी भी नहीं है। इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं बना। दूसरे की विशेषता को, दूसरे की सम्पन्नता को सहन न करना ही इसका कारण है। ?सी बीमारी का उपाय यह है कि व्यक्ति अपनी शक्ति को बढ़ाए, तीन मंजिले मकान के स्थान पर पांच मंजिला मकान बनाने पांच मंजिले के स्थान पर सात मंजिला मकान बनाने की क्षमता को विकसित करे और अधिक कमाए, और अधिक श्रम करे। यह उसका सकारात्मक पक्ष है। मनुष्य का दृष्टिकोण सकारात्मक कम होता है, नकारात्मक अधिक।

## विचार

# कनाडा के हर नागरिक स्वतंत्रअपने धर्म का अधिकार

**संतोष कुमार**
**लेखक**

कनाडा में खालिस्तान समर्थक और हिंदुओं के बीच जो विवाद है वह विवाद अब हिंदू और सिखों के बीच का विवाद बन गया है। खालिस्तानी समर्थकों ने हिंदू मंदिर को अपना निशाना बनाया। कनाडा में रविवार को टोरंटो के हिंदू सभा के मंदिर में हमला किया गया। मंदिर परिसर में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। लाठी-डंडे चले। ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्री में लक्ष्मी नारायण के मंदिर में महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट की गई। यह घटना कनाडा और भारत के साथ-साथ सारी दुनिया के देशों में चर्चा का विषय बन गई है। भारतीय उच्च आयोग ने मंदिर में कैंप तैयार किया था। खालिस्तान समर्थक इसका विरोध कर रहे थे। विरोध स्वरुप यह प्रदर्शन किया गया था, जो बाद में झगड़े में तब्दील हो गया। कनाडा का हिंदू समुदाय गुस्से में है। भारत सरकार ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भी इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने की प्रतिबद्धता जताई है। कनाडा की पुलिस ने तीन लोगों को घटनास्थल से गिरफ्तार किया है। कनाडा की सरकार ने अपने एक पुलिसकर्मी सार्जेंट को निलंबित भी कर दिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री सहित अन्य राजनेताओं ने इस घटना की निंदा की है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि कनाडा के हर नागरिक को स्वतंत्र रूप से अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। इस घटना के बाद भारत सरकार और कनाडा के हिंदू संगठनों विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी है उसको देखते हुए यही कहा जा सकता है कि कनाडा में भारतीय हिंदू और सिख




> ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के भारतीय मूल का होने के कारण उन पर भारतीयों के साथ पक्षपात करने के आरोप लगे। उन्हें समय से पहले ही चुनाव कराना पड़े और ब्रिटेन में भारतीय मूल के ऋषि सुनक की पार्टी की करारी पराजय हुई। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों ने बड़ी तेजी के साथ राजनीति में अपनी जगह बनाना शुरू की थी। भारतीयों के बारे में यह धारणा बनी हुई थी कि यह शांतिप्रिय और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। जिसके कारण अमेरिका में कई प्रातों में महापौर, सीनेट और उपराष्ट्रपति जैसे पदों पर बड़ी तेजी के साथ भारतीय आगे बढ़े हैं।

आपस में बंट गए हैं। खालिस्तान समर्थक सिख हों या अन्य सिख जो खालिस्तान का समर्थन भी नहीं करते हैं, कनाडा में उन दोनों को एक ही नजर से देखा जा रहा है। जिस तरह के आरोप हिंदू संगठनों द्वारा लगाए जा रहे हैं, उसके बाद वहां तनाव और भी बढ़ रहा है। भारतीय दूतावास जिस तरह से हिंदुओं के पक्ष में काम कर रहा है, उसके कारण भी कनाडा में हिंदू और सिखों के बीच में अलगाव और तनाव देखने को मिल रहा है। कनाडा में अभी तक सिख और हिंदू भारतीय बनकर रह रहे थे, लेकिन निज्जर की हत्या के बाद जो दूरियां दोनों समुदाय के बीच में बन रही हैं उसमें भारत की छवि सारी दुनिया में कट्टरवादी के रूप में बनने लगी है। अभी तक सारी दुनिया के देशों में भारतीयों को शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाला समझा जाता था। भारतीय जिन-जिन देशों में गए हैं वहां पर वह दूध में पानी की तरह मिलाकर अपना अलग स्थान बनाने के लिए जाने जाते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा में हिंदू समुदाय के लोग जिस तरीके से शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं, उसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देशों में भारतीयों की एक अलग छवि बनने लगी है। अमेरिका में भी नस्लवादी संगठन भारतीयों पर बड़े पैमाने पर हमले करने लगे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के भारतीय मूल का होने के कारण उन पर भारतीयों के साथ पक्षपात करने के आरोप लगे। उन्हें समय से पहले ही चुनाव कराना पड़े और ब्रिटेन में भारतीय मूल के ऋषि सुनक की पार्टी की करारी पराजय हुई। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों ने बड़ी तेजी के साथ राजनीति में अपनी जगह बनाना शुरू की थी। भारतीयों के बारे में यह धारणा बनी हुई थी कि यह शांतिप्रिय और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। जिसके कारण अमेरिका में कई प्रातों में महापौर, सीनेट और उपराष्ट्रपति जैसे पदों पर बड़ी तेजी के साथ भारतीय आगे बढ़े हैं। न्यायपालिका में भी भारतीय मूल के लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में भी भारतीय मूल के लोगों को लेकर एक अलग तरह का तनाव देखने को मिला है। भारत सरकार भी इस मामले में जिस तरह से संबंधों को लेकर कूटनीति को लेकर मामलों को हैंडल किया जाना चाहिए था उसकी जगह दादागिरी के माध्यम से जिस तरह की राजनीति की जा रही है आगे चलकर वह भारत के लिए बड़ी मुसीबत का कारण बन सकती है।

## विचार

# समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का निदान

**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक**

किसी भी व्यक्ति के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की



> मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना।

आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि।

## नजरिया

# योग एवं अध्यात्म के सहारे कैंसर पर काबू पाये

**ललित गर्ग**
**-लेखक**

वैश्विक स्तर साल-दर साल कैंसर रोगियों और मृतकों की संख्या बढ़ रही है। भारत में बीते सालों में कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। कैंसर की पहचान, रोकथाम और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवम्बर को मनाया जाता है। प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता मैडम क्यूरी की जयन्ती पर उनकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता, जिन्होंने कैंसर के खिलाफ चल रही लड़ाई में बहुत योगदान दिया है। उनके उत्कृष्ट शोध ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विकास और कैंसर के उपचार के लिए रेडियोथेरेपी के उपयोग में मदद की है। यह दिवस कैंसर से लड़ने की हमारी क्षमता पर मैडम क्यूरी के वैज्ञानिक प्रयासों के बड़े प्रभाव की याद दिलाता है।



भारत में एक अनुमान के अनुसार 20 से 25 लाख कैंसर रोगी हैं, जिनमें से हर साल लगभग 7 लाख नए मामले सामने आते हैं। जब एक नए कैंसर के मामले का निदान किया जाता है, तो उनमें से दो-तिहाई पहले से ही लाइलाज अवस्था में होते हैं। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक कैंसर रोगी 35 से 65 वर्ष की आयु के बीच के हैं। बढ़ती जीवन प्रत्याशा और प्रगति के साथ बदलती जीवनशैली के कारण कैंसर के मामले अब की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक होंगे। हर साल, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस एक अनूठी थीम अपनाता है, 2023-24 में, थीम 'देखभाल की कमी को पूरा करें' है, यह थीम कैंसर देखभाल, कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और उपचार तक पहुँच में सुधार के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज का अनुमान है कि दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## न्यूज ब्रीफ



### मालवा मील अग्रवाल पंचायत के अन्नकूट महोत्सव में समाजबंधुओं ने ली जूठन नहीं छोड़ने की शपथ -

इन्दौर। मालवा मील अग्रवाल पंचायत का अन्नकूट महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह पंचायत भवन पर वर्षों पुरानी परंपरा के अनुरूप उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। भगवान श्रीनाथजी का मनोहारी श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग समर्पित किए गए। महाआरती में शहर के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर समाजबंधुओं ने भगवान श्रीनाथजी की आरती के बाद किसी भी प्रसंग पर जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प भी व्यक्त किया।इस अवसर पर राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष हरिनारायण यादव, पूर्व आईजी धर्मेन्द्र चौधरी, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोयल एवं संतोष गोयल, पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया, समाजसेवी प्रवेश अग्रवाल सौम्या, नारायण अग्रवाल 420 पापड़, मनीष खजांची, निकेत मंगल, संजय बांकड़ा, अरविंद बागड़ी, रामचरण अग्रवाल, कैलाश काका एवं लक्ष्मीनारायण अग्रवाल सहित विभिन्न अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश के तपन, रोहित क्वार्टर फाइनल में पहुंचे -

इन्दौर। खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जिसे इसकी लत लग गई वह जीवनपर्यंत खेलता है और इसका आनंद लेता है। यहीं सबकुछ इन्दौर टेनिस क्लब में देखने को मिल रहा है। यहां 60 वर्ष पूर्ण कर चुके खिलाड़ी भी अपना वहीं जोश और अनुभव टेनिस कोर्ट पर दिखा रहे है, जो आज के बच्चे खेलते हुए दिखाते है। इनके सधे और उम्दा खेल ने उपस्थित जनसमूह को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया।मध्यप्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित एवं एमार इंडिया तथा ऐरन ग्रुप द्वारा प्रायोजित वर्ल्ड टेनिस टूर इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में देश-विदेश के मास्टर्स टेनिस खिलाड़ी अपने दमखम का प्रदर्शन कर रहे है। मध्यप्रदेश के टेनिस खिलाड़ी भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यहां उम्दा प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे है। मास्टर्स 45+ वर्ष आयु के राउंड 16 के मुकाबले में मध्यप्रदेश के तपन शर्मा ने बड़ा उलटफेर करते हुए भारत के ही आठवीं वरीयता प्राप्त नितेश रूंगटा को 6-1, 6-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वर्णदीप सिंह ढोढ़ी ने रमेश काकुभाई को 6-0, 6-1 से, चौथी वरीयता प्राप्त यति गुजराती ने मध्यप्रदेश के उमेश भसीन को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त मोहित फोगाट ने भरत परमार को 6-2, 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी आयु वर्ग के अन्य मुकाबलों में आनंद मोहंती ने भी छठीं वरीयता प्राप्त कमरुद्दीन खान को 7-5, 6-3 से हराकर उलटफेर किया और अंतिम आठ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। भूपेंद्र कटारिया ने रोचक मुकाबले में अवतरन अझारे को 6-4, 5-7, 10-3 से हराया। मास्टर्स 40+ वर्ष आयु के राउंड 16 के मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त राज कुमार ने गौतम गाड़गिल को 6-2, 6-4 से, सातवीं वरीयता प्राप्त मृगेश कोठारी ने अभिषेक गौतम को 6-0, 6-2 से, आठवीं वरीयता प्राप्त रियाज अहमद ने दीपक साकल्ले को 6-0, 6-0 से, सम्राट भसीन ने तरुण मेहता को 6-0, 6-0 से, छठीं वरीयता प्राप्त विशाल बद्री ने पंकज अहलावत को 6-0, 6-1 से, पांचवीं वरीयता प्राप्त पुनार भसीन ने भूपेंद्र चौधरी को 6-2, 6-1 से पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई।

### तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख और नेताजी 33 साल बाद धोखाधड़ी के आरोप में बरी

**इन्दौर।** अपर सत्र न्यायाधीश अरुण शर्मा की कोर्ट ने 33 साल पुराने फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर टेलीफोन आपरेटर की सरकारी नौकरी पाने वाले पूर्व जनपद अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता को धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में बरी कर दिया। आरोप तय होने के 11 वर्ष बाद तक भी पुलिस कोर्ट ट्रायल में यह प्रमाणित नहीं कर पाई कि नेता जी ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर धोखाधड़ी की है। 33 साल पुराने इस मामले में कोर्ट ने निर्णय में यह टिप्पणी की कि ...अभियोजन पक्ष अभियुक्त के विरुद्ध अपराध प्रमाणित करने में असफल रहा है। अत: अभियुक्त को धारा 420, 467, 471 के आरोप से दोषमुक्त किया जाता है।

प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि अभियुक्त रामसिंह पारिया ने 21 सितम्बर 1978 को संभागीय अभियंता डी.एम.टी. इंदौर के समक्ष टेलीफोन ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था जिसमें उसने स्वयं को आदिवासी (भिलाला) जाति का होना बताया था। उसे 14 जुलाई 1980 से इस पद पर नियुक्ति दी गई। करीब 10 वर्ष बाद 31 जनवरी 1990 को रामसिंह ने उक्त पद से स्वेच्छा से त्यागपत्र दे दिया था। इसके करीब छह माह बाद एक जून 1990 को कलेक्टर इंदौर को इस आशय की शिकायत मिली कि रामसिंह पारिया सामान्य जाति का होकर ठाकुर है ।

# ईएजी प्लेनरी दल के इंदौर आगमन को लेकर व्यवस्थाओं और प्रबंधों के संबंध में संभागायुक्त ने ली बैठक

**संवाददाता ➢ इंदौर**

ईएजी प्लेनरी दल के इंदौर आगमन को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं और प्रबंधों के संबंध में संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एडिशनल कमिश्नर पुलिस अमित सिंह, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह, उपायुक्त श्रीमती सपना लोवंशी सहित इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीसी के माध्यम से धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। संभागायुक्त सिंह ने ईएजी प्लेनरी दल के प्रतिनिधियों एवं ऑब्जवर्स के आगमन से





लेकर पूरे भ्रमण कार्यक्रम के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर पर प्रतिनिधिगण एवं ऑब्जर्वर के आगमन पर स्वागत सहित अन्य सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि दल सदस्यों के प्रत्येक वाहन में लाइजनिंग एवं पुलिस ऑफिसर नियुक्त किए जाएं। उन्होंने खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगन्तुक मेहमान जिस भी स्थल पर रूकेंगे वहाँ फायर, इलेक्ट्रीसिटी सहित अन्य सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित हो। एक कंट्रोल रूम भी एक्टिव किया जाए। और धार जिले के प्रवास पर रहेंगे।

## भोपाल के स्मार्ट पार्क में पौधारोपण किया

# बोले शिवराज सिंह चौहान - मैं तो आजकल झारखंडी हो गया हूं वहीं रह रहा हूं

**संवाददाता ➢ भोपाल**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विजयपुर और बुधनी उपचुनाव में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आज सुबह उन्होंने भोपाल के स्मार्ट पार्क में पौधारोपण किया। कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे और सामाजिक संस्थाओं के लोगों के साथ पौधारोपण करने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा- अभी झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव है। मैं तो आजकल झारखंडी हो गया हूं। वहीं रह रहा हूं।झारखंड में कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन द्वारा दी गई गारंटियों पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा- ढ्ढह्रष्ठढ्ढ गठबंधन की गारंटी झूठ का पुलिंदा हैं। क्योंकि छ्वरूरूऔर कांग्रेस ने पिछली बार भी गारंटियां दी थीं। इन्होंने कहा था कि हम 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे, लेकिन नहीं दी। इन्होंने कहा था कि हर महिला को दो हजार रुपए चूल्हा खर्च देंगे, नहीं दिया। चुनाव के दो महीने पहले केवल एक योजना ले आए, एक हजार रुपए देने की। इन्होंने कहा था कि



बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे, नहीं दिया।

### आज अपने परिवार से मिलने जाना मेरा सौभाग्य

बहनों को, बेटियों को शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत रिजर्वेशन देने का जो हमारा संकल्प था, उस पर अमल किया गया है। ऐसी एक नहीं कई चीजें हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और प्रधानमंत्री मोदी जी का आशीर्वाद मध्य प्रदेश पर लगातार बरस रहा है। इसलिए मध्य प्रदेश की जनता बीजेपी के साथ है। बुधनी और विजयपुर में भी जनता को ये विश्वास है कि विकास होगा तो भाजपा की सरकार ही करेगी। वैसे भी चाहे बुधनी हो या विजयपुर, जनता हमारे लिए अपना परिवार है। मेरा सौभाग्य है कि आज अपने परिवार से मिलने मैं भी जा रहा हूं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा की।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा की।शिवराज ने कहा- इन्होंने (सोरेन सरकार) कहा था समर्थन मूल्य पर बोनस देकर धान खरीदेंगे, नहीं खरीदी।जेएमएम ने 117 वादे किए थे और कांग्रेस ने 344 वादे किए थे। एक पूरा नहीं किया।5 साल पुराने वादे पूरे किए नहीं, अब नए वादे लेकर आ गए।इनकी गारंटी फुस्सी बम है। जनता को इन पर भरोसा नहीं है।भाजपा जो कहती वो करती है। अगर हमने कहा था तो छत्तीसगढ़ देख लीजिए, उड़ीसा देख लीजिए।सारी गारंटियों को पूरा करने का काम हम कर रहे हैं।राहुल गांधी विदेशों में कहते हैं हम आरक्षण खत्म कर देंगेशिवराज सिंह चौहान ने कहा- राहुल गांधी तो विदेशों में बैठकर ये भी कहते हैं कि समय आने पर हम आरक्षण खत्म कर देंगे, उनकी कौन सी बात पर विश्वास करें। जहां तक विजयपुर और बुधनी के उपचुनाव का सवाल है। मोहन जी के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश के विकास के लिए और जनता के लिए जो काम कर रही है।

# नर्मदापुरम जिले में राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता 17 से 21 नवंबर तक होगी आयोजित



**संवाददाता ➢ नर्मदापुरम**

जिले में आगामी 17 नवंबर से 21 नवंबर तक राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की व?यवस?थाओं के संबंध में मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खिलाडियों के लिए कलेक्टर ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि शतरंज स्पर्धा में 19 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसी प्रकार बैडमिंटन के लिए 17 से 19 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे । इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 1900 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए हैं कि खिलाड़ियों के उपयोग के लिए चिन्हित किए जाने वाले आवास स्थल पर सभी आवश्यक संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया है कि सूचीबद्ध तरीके से शाम तक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं तथा अधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के लिए उचित ड्यूटी ऑर्डर जारी कर दिए जाएं।

# दीपावली मिलन समारोह आयोजित कर किया सम्मान

**इन्दौर।** संयोगितागंज स्थित माहेश्वरी मांगलिक भवन पर आयोजित दीपावली मिलन व छप्पन भोग अन्नकूट महोत्सव में मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल द्वारा समाजसेवी रामविलास राठी व रामस्वरूप धूत का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी की आरती में सैकड़ों समाजबंधु सपरिवार शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष रामवल्लभ भूतड़ा, मंत्री गौरीशंकर लोहिया और समन्वयक जगदीशचंद्र डागा के अनुसार महोत्सव में जिला मंत्री मुकेश असावा, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पसारी, गिरधारीलाल शारदा, अजय शारदा एवं अन्य समाजबंधु भी शामिल हुए।




# सिंहस्थ में बिजली व्यवस्था के लिए 62 करोड़ रूपये के कार्यों की तैयारी

**संवाददाता ➢ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सिंहस्थ 2028 की तैयारी कर रही है। स्थाई प्रकृति के 62 करोड़ रूपये के कार्यों को भोपाल से मंजूरी मिल गई है। इनकी वृत्त स्तर पर तत्काल ही तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि सिंहस्थ के लिए होने जा रहे नए विद्युत कार्यों से सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही उज्जैन शहर, उज्जैन ग्रामीण के बिजली उपभोक्ताओं को भी सुविधा होगी। वोल्टेज की शिकायत नहीं रहेगी, नए उज्जैन शहर को इससे गति मिलेगी।

***चार नए ग्रिड, नई लाइनें, भूमिगत केबल का कार्य होगा***

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इन्दौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि करीब 30 करोड़ रूपये की लागत से उज्जैन व आसपास 33/11 केवी के चार अत्याधुनिक बिजली ग्रिड बनेंगे। ये ग्रिड नानाखेड़ा इन्दौर रोड स्टेडियम के पास, चारधाम मंदिर महाकाल लोक के पास, सदावल उज्जरखेड़ा हनुमान मंदिर के पास, वाल्मीकि धाम क्षेत्र में बनेंगे। प्रबंध निदेशक ने बताया कि इसी तरह 18.36 करोड़ रूपये से 11 केवी लाइन एवं इंटर कनेक्शन व नवीन उपकेंद्र से संबंधित 80 किलोमीटर लाइनों का कार्य होगा। 4.50 करोड़ रूपये से 33 केवी लाइन एवं इंटर कनेक्शन, नवीन उपकेंद्र से संबंधित 10 किलोमीटर लाइन में भूमिगत केबल लगाने का कार्य होगा।

## 3 दिनी गो महोत्सव :

# देशभर में चलाएंगे गो हत्या रोकने के लिए प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान

**संवाददाता ➢ इन्दौर**

गो सेवा भारती एवं चैतन्य भारत द्वारा 7 से 9 नवम्बर तक गो भक्त बलिदान दिवस एवं गोपाष्टमी पर तीन दिवसीय गो महोत्सव मनाया जाएगा। दिल्ली में 7 नवम्बर 1966 को हुई गो भक्तों की नृशंस हत्या के विरोध में राजबाड़ा स्थित अहिल्या प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा होगी ।8 नवम्बर को गोकुलम गोशाला में गोवंश के लिए फलों एवं सब्जियों का भोग लगाया जाएगा तथा 9 नवम्बर को इन्दौर से गो हत्या बंद करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया जाएगा।

संस्था चैतन्य भारत के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश पिंगले एवं महामंत्री स्वदेश राजोरिया ने बताया कि बैठक में अशोक गुप्ता, विष्णु गोयल, राजेन्द्र असावा, नीलेश गंगराड़े, राजेन्द्र दुबे, प्रदीप अग्रवाल, डॉ. अभय जवेरी विशेष रूप से उपस्थित थे। बक्षी गली स्थित कार्यालय पर आयोजित गो सेवा भारती एवं चैतन्य भारत के कोर ग्रुप की बैठक में इस अभियान की रणनीति को



अंतिम रूप दिया गया। गत 7 नवम्बर 1966 को गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर लाखों गो भक्त धर्म सम्राट करपात्री महाराज के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश से गो हत्या का कलंक मिटाने का यह सबसे बड़ा आंदोलन था, लेकिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अंधाधुंध गोली चलवाकर सैकड़ों गो भक्तों की हत्या करा डाली।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उनकी स्मृति में गुरुवार, 7 नवम्बर को सुबह 10 बजे देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा के समक्ष बलिदान हुए गो भक्तों को श्रद्धांजलि देकर देवी अहिल्याबाई के चरणों में देश को गो हत्या के पाप से मुक्त करने की प्रार्थना की जाएगी। 8 नवम्बर को यशवंत सागर स्थित गोकुलम गोशाला में गोवंश के लिए सब्जी एवं फलों का भोग लगाया जाएगा। 9 नवम्बर गोपाष्टमी पर संगठन की ओर से देशभर से प्रधानमंत्री के नाम गो हत्या रोकने के लिए पोस्टकार्ड अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान में इन्दौर से 10 हजार पोस्टकार्ड भेजने का निर्णय भी लिया गया।

इन्दौर। गो सेवा भारती एवं चैतन्य भारत की बैठक में गोहत्या पर प्रतिबंध की मांग को लेकर एवं गो महोत्सव अभियान पर चर्चा करते हुए दोनों संस्थाओं के कोर ग्रुप के पदाधिकारी।

01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 4



## न्यूज ब्रीफ

### सहस्त्रबाहु जयंती पर विभिन्न आयोजन कल

जबलपुर। सहस्त्रबाहु जयंती पर कलचुरी महासभा द्वारा कल 8 नवंबर शुक्रवार को समाज के भवन स्नेह नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए7 सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे से भगवान सहस्त्रबाहु की पूजन कलचुरी महिला मण्डल के द्वारा की जाएगी। तत्पश्चात कलचुरी महासभा द्वारा जनप्रतिनिधियों व 75 वर्ष से ऊपर के समाज के वरिष्ठ जनों और सेवानिवृत्त स्वजातीय बंधुओं के साथ-साथ मेधावी छात्रों का सम्मान किया जायेगा7 उक्त जानकारी कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे व महामंत्री बी डी राय, मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र महाजन के द्वारा दी गई। सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति का आग्रह किया गया है7

### कर्मचारी समूह बीमा योजना राशि 10 लाख की जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के कर्मचारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत क्लास थ्री कर्मचारियों से 200रू प्रतिमाह काटा जा रहा है जो की न्यूनतम राशि है जिसके तहत कर्मचारियों का बीमा सिर्फ दो लाख रूप्ये होता है यदि 1000 रूपये प्रतिमाह काटे जाए तो कर्मचारियों को 10 लाख रुपए तक का बीमा किया जा सकता है और बीमा की सुविधा मिल सकती है और सरकार पर कोई वित्तीय भार भी नहीं आयेगा7 संगठन के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम , हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, राकेश श्रीवास,फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, रऊफ खान, सुधीर अवधिया, अशोक परस्ते, धनराज पिल्ले, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है की कर्मचारियों की जीआईएस कटौती राशि बढ़ाई जाए।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद का दीपावली मिलन समारोह



जबलपुर। वरिष्ठ नागरिक परिषद जबलपुर द्वारा भंवरताल गार्डन में दीपावली मिलन समारोह पूरे उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। परिषद के अध्यक्ष काजल विश्वास, सचिव दिव्यकान्त निगम, संगठन सचिव अनिल शुक्ला, कोषाध्यक्ष गुरुमुखदास ने सभी वरिष्ठ साथियों का अभिनन्दन करते हुए सुख समृद्धि, दीर्घायु होने की कामनाएं की। परिषद अध्यक्ष काजल विश्वास ने आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा से अवगत कराया। संगठन मंत्री अनिल शुक्ला ने बताया कि परिषद को शक्ति व गतिशीलता प्रदान करने में एक दूसरे का विश्वास व आत्मीयता ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है इस मौके पर सीनियर सिटीजन जे पी सरवन, वी एस भाटिया, जी पी सक्सेना, जी के यादव, एम के श्रीवास्तव, के डुंगडुंग, महेश जागती, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला, दिव्यकान्त निगम,व आभार प्रदशर्न गुरमुखदास ने किया।

### मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत ने ज्ञापन सौंपा

जबलपुर। उत्तरप्रदेश के आगरा के मलपुरा गांव में 8 वर्षीय दलित समाज की बालिका की निर्मम हत्या की गई। इस घटना के विरोध में मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत शाखा जबलपुर इस घिनौने कृत्य की घोर निंदा करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपते समय से उमाशंकर करोसिया, राजेंद्र गुहेरा, पुरुषोत्तम वाल्मीकि, अशोक पारोची, रमेश पहलवान, राकेश वाल्मीकि, संतोष वाल्मीक, प्रभात चौहान, रविकांत डागौर, यंशवंत करोसिया, श्लोक परोचे, हर्ष नाहरे, आदि उपस्थित थे।

### ट्रक की टक्कर से बुलेट क्षतिग्रस्त

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम बहदन में सड़क किनारे खड़ी एक बुलेट वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार परसवाड़ा निवासी सौरभ दुबे अपनी बुलेट गाड़ी खड़ी करके ग्राम बहदन में अपने दोस्तों मोहिल शर्मा एवं कपिल लोधी के साथ चाय पीने होटल चले गए।

### उड़िया मोहल्ला में बदमाशों ने गुंडा वसूली के लिए की मारपीट

जबलपुर। ओमती थाना अतंर्गत उड़िया मोहल्ला किशन अखाड़े के पास शराब पीने के लिए एवं पार्टी के लिए रुपए देने से मना करने पर दो बदमाशों ने एक युवक को रास्ते में रोका और एक कन्टाप मार दिए। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यौहारबाग निवासी 32 वर्षीय अभिषेक सोनकर गत रात घर से दवाई लेने अपनी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस एक्स 4195 से मनी मेडिकल से दवा लेकर अपने घर जा रहा था रात लगभग 10.30 बजे जैसे ही उड़िया मोहल्ला किशन अखाड़े के पास पहुँचा, तभी सोमेन्द्र यादव और जीत यादव ने उसकी गाड़ी रुकवा ली और उससे दीपावली में शराब पीने एवं पार्टी के लिये 5 हजार 500 रूपये की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर जीत यादव ने उसे दाहिने कान में एक कन्टाप मार दिया7 इसी बीच उसका दोस्त निक्की सोनकर आया तो उसे देखकर दोनों वहां से भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 119, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हर क्लीनिक की लागत 25 लाख रुपये है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा

# विकास कार्यों से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और समृद्धि के मार्ग होंगे प्रशस्त - मंत्री राकेश सिंह

पद्मावती एक्सप्रेस ➤ जबलपुर

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली दो प्रमुख सड़कों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर पिसनहारी मढ़िया से तिलवारा बाईपास तक 39 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 6 लेन की 5.07 किलोमीटर लंबी सड़क और आईटाइप क्वार्टर से धनवंतरि नगर तक बनने वाली 10 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से 1.10 किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क का भूमिपूजन किया गया। मंत्री श्री सिंह ने भूमिपूजन समारोहों को संबोधित करते हुए




तेजी से विकसित हो रहा है।

**बड़े फ्लाईओवर्स और रिंग रोड की योजना...**

मंत्री ने बताया कि जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर निर्माणाधीन है, जिसमें 193 मीटर लंबा केबल स्टे ब्रिज बनाया जा रहा है, जो देश का सबसे लंबा रेल्वे लाइन के ऊपर बनने वाला केबल स्टे ब्रिज होगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कटंगा फ्लाई ओवर का लोकार्पण जनवरी या फरवरी 2025 में प्रस्तावित है। इसके अलावा, जबलपुर में चार और नए फ्लाई ओवर बनेंगे और 118 किलोमीटर लंबी रिंग रोड का निर्माण भी किया जा रहा है, जो शहर के विकास को एक नई दिशा देगी।

**मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का लोकार्पण....**

साथ ही, मंत्री श्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के विभिन्न वार्डों में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का लोकार्पण भी किया। इस पहल के तहत, बाजनामठ मंदिर के पास, कॉफी हाउस कछपुरा ब्रिज के पास, वीरसावरकर वार्ड, तक्षशिला कॉलेज के पास मदन महल वार्ड और शारदा मंदिर टंकी के पास शहीद गुलाब सिंह वार्ड में संजीवनी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। हर क्लीनिक की लागत 25 लाख रुपये है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

### डिंडोरी जिले के ग्राम लालपुर में तिहरे हत्याकांड का का हुआ खुलासा मिली पुलिस को बड़ी सफलता।

# लालपुर में हुए तिहरे हत्याकांड का थाना गाडासरई पुलिस ने किया खुलासा,प्रेस वार्ता आयोजित कर दी गई जानकारी

फतवा ➤ दुर्गेश बर्मन

डिंडौरी। को शाम करीब 05.25 बजे डायल 100, स्न्रक्क्क् बजाग को थाना गाडासरई अंतर्गत ग्राम लालपुर सानी मे दो पक्षो के बीच लडाई झगडा होने की सूचना प्राप्त होने पर स्न्रक्क्क् मे मौजूद पुलिस स्टॉफ तत्काल घटना स्थल ग्राम लालपुर सानी मौके पर शाम 06 बजे पहूचा, जहां पर घटना की स्थिति को देखते हुये दो व्यक्ति लहू-लुहान, खुन से लथपथ मृत स्थिति मे होने व अन्य दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पडे होने पर, तत्काल थाना प्रभारी गाडासरई को घटना से अवगत कराते हुये घायलो को तत्काल स्न्रक्क्क् मे रखकर ईलाज हेतु अस्पताल रवाना हुआ,

प्राथमकि स्वास्थ्य केन्द्र गाडासरई में घायल रघुराज मरावी की मृत्यु हो गयी थी एवं अन्य घायल रामराज मरावी को उच्चस्तरीय ईलाज हेतु जिला अस्पताल डिण्डौरी रिफर किया गया था। इस संबधी स्न्रक्क्क् से प्राप्त गंभीर सूचना पाकर स्टाफ के साथ तत्काल रवाना हुये थाना प्रभारी गाडासरई निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के द्वारा मौके पर पहुचकर पुलिस अधीक्षक महोदय को घटित घटना से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अति0 पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डिण्डौरी के. के. त्रिपाठी घटना स्थल लालपुर सानी मौके पर पहुचे। द्वारा शाम रात्रि हो जाने से घटना स्थल को सुरक्षति करने व घटना स्थल के सूक्ष्म वैज्ञानिक निरीक्षण हेतु स्न्रस्रु टीम बालाघाट को बताया गया तथा घटना घटित कर फरार आरोपियो की धरपकड़ हेतु अलग-



अलग टीमो को अलग - अलग दिशाओं मे रवाना किया गया तथा प्रार्थी रोशनी पति रघुराज मरावी निवासी लालपुरसानी की रिपोर्ट पर थाना गाडसरई मे अपराध क्रमांक 323/2024 धारा 103(1), 296, 190, 191(3), 351(2) ब्न्हस्र के तहत 07 एवं अन्य आरोपियों के विरूध अपराध पंजीबध्द किया गया है।

स्न्रस्रु टीम बालाघाट के मौके पर आने पर घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, घटना स्थल पर मौजूद साक्ष्यो को संकलित किया गया हैं। मृतक धर्मराज मरावी, शिवराज मरावी एवं रघुराज मरावी के शव का पंचनामा कार्यवाही, गाडासरई अस्पताल से पीएम कराया जाकर मृतको के शवो को कार्यपालिक दण्डाधिकारी की उपस्थीति मे दफन किया गया। फरार आरोपियो की धरपकड़ के लिये रवानाशुदा टीमो के द्वारा दिनांक 01/11/2024 को 04 आरोपी, पतिराम मरावी, कार्तिक मरावी, घनश्याम मरावी एवं कवल सिंह मरावी सभी निवासी ग्राम लालपुरसानी को सागरटोला से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया तथा अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जिला मुख्यालय स्तर से स्ह्वञ्ज टीम भी गठित की गई थी। जिनके द्वारा आरोपिगणो के संभावित अलग-अलग पता ठिकानो पर दबिश देते हुये दिनांक 04/11/2024 को ग्राम धनौली से आरोपी जीवन मरावी को, ग्राम घानामार से आरोपी शंकर मरावी व लोकसिंह मरावी को व राजेन्द्रग्राम जिला अनुपपूर के जंगल से सोनसिंह मरावी को एवं डिण्डौरी से जेहर सिंह मरावी सभी निवासी लालपुर सानी को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियो से हत्या करने में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, डण्डा व तलवार को जप्त किया हैं। जिन्हे घटना स्थल से जप्त साक्ष्यो के साथ परीक्षण हेतु फॉरेंसिक लेबरोटरी भेजा जायेगा। प्रकरण का एक आरोपी सरवन मरावी घटना दिनांक समय से लगातार फरार हैं। पुलिस टीमे फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानो मे लगातार दबिश दे रही हैं। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु ईनाम की उद्घोषणा की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार सन 1957 में मृतक धरम सिंह के पिता जी पटवारी सिंह को आरोपी पक्ष के पिता खेत सिंह द्वारा ग्राम लालपुर में स्थित जमीन खसरा नबंर 290/1 करीब 23 एकड जमीन दी गई थी, जिसका प्रकरण नबंर संशोधन पंजी 6/57 दिनांक 04-05-1957 है। इसके बाद खेत सिंह के पुत्रों ने केस लगाया तब नायब तहसीलदार करंजिया के आदेश क्रमांक 47/आदेश/6/2012-2013 में धरम सिंह के परिवार जनों का नाम हटवा दिया गया इसके बाद धरम सिंह ने एडीएम कार्यालय में केस लगाया जो 2014-2015 में एसडीएम द्वारा नायब तहसीलदार करंजिया के आदेश को यथावत रखा था।

## जिले के सभी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

फतवा ➤ दुर्गेश बर्मन

डिंडौरी, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी स्वास्थ्य का प्रारम्भ सुविधा प्रदान करने के लिए योजना 29 अक्टूबर 2024 को किया गया है। योजना के तहत डिण्डोरी जिला का लक्ष्य 35892 रखा गया है।योजना का उददेश्य वरिष्ठजनों को गुणवत्तापूर्ण और सुलझ स्वास्थ्य सेवाएँ देना है, जिससे उन्हें एक स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन जीने में मदद मिल सके।

**योजना के लिए पात्रता**

केवल आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर कोई भी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठजन योजना का लाभ ले सकते है। इसमें आय का कोई बंधन नहीं है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड और समग्र फैमिली आईडी की आवश्यकता होगी।

**स्वास्थ्य कवरेज**

पात्र वरिष्ठजनों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख रूपये तक वार्षिक कवरेज मिलेगी। ऐसे वरिष्ठजन जो 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के है और जिनके परिवार पूर्व से ही आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर है, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख रूपये की वार्षिक टॉप अप कवरेज मिलेगी। जिसे वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साँझा नहीं करेंगे।ऐसे वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और जो निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा के तहत आते है, वे भी आयुष्मान योजना के लिए पात्र होंगे। जिले में पात्र सभी 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठजन अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम पंचायत से ले सकते हैं,साथ ही पात्र वरिष्ठजन स्वयं भी अपना पंजीकरण वेब पोर्टल या आयुष्मान ऐप के माध्यम से भी कर सकते हैं।

### हितकारणी महिला महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर

**जबलपुर।** न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अभियान के अंतर्गत जबलपुर के हितकारणी महिला महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिला और बच्चों के विधिक अधिकारों तथा उनके लिए उपलब्ध विधिक उपायों पर जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में विशेष रूप से महिला, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगजन के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अवधेश श्रीवास्तव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर ने अपने संबोधन में कहा कि मानव के जन्म से लेकर जीवनभर तक शासन द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध हैं। यदि किसी व्यक्ति को अपने अधिकारों और शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं होगी, तो वह अपने अधिकारों से वंचित रह सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए,

# मंडला मवई के वन संसाधनों पर अधिकार दिलाने प्रयास

अनवर खान ➤ मंडला

वन अधिकार कानून 2006 की कंडिका 3(1) (झ) में सामुदायिक वन संसाधनों की संरक्षण, पुनर्जीवित या संरक्षित या प्रबंध करने का अधिकार, जिसकी वे सतत् उपयोग के लिए परम्परागत रूप से संरक्षा या संरक्षण कर रहे हैं।यह दावा ग्राम सभा द्वारा सरकार की निर्धारित प्रपत्र (ग) में प्रस्तुत करना है।परन्तु मध्यप्रदेश में सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार का दावा लगाने की संख्या बहुत ही कम है।कुछ दावे लगे भी हैं तो वो जांच सत्यापन के स्तर लंबित है।मुलसेवा समिति मवई के चरण परते ने कहा कि पखवाड पंचायत के सखिया गांव द्वारा पूरी प्रक्रिया पूर्ण कर उपखंड स्तर समिति अध्यक्ष एसडीएम घुघरी को दिया जाना शेष है।मवई विकास खंड के रेंहगी, बहरमुंडा, सारसडोली, बिलगांव,मोहगांव, सुनेहरा, रेहटाखेडों,



पोंडी आदि गांव में भी ग्राम स्तर पर प्रक्रिया जारी है।सामुदायिक वन संसाधनों पर समुदायिक दावा फार्म भरवाने में तकनीकी मदद बंगलूरू की एट्री संस्था दे रही है।

30 अक्टूबर 2024 को मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग द्वारा पत्र लिखकर जिले के समस्त कलेक्टर और वन मंडलाधिकारी को कहा है कि ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन अधिकार दावा दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।परन्तु दावा प्रपत्र को भरना एक जटिल कार्य है, इसमें आदिवासी विभाग, वन विभाग और समाजिक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश वन अधिकार अधिनियम 2006 का एटलस बनाने वाला उडीसा के बाद दूसरा राज्य है।भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के एफआरए (फोरेस्ट राईटस एक्ट) एटलस के अनुसार प्रदेश के कुल 25461 ग्रामों में एफआरए की संभावना है, जिसमें से 5018 ऐसे राजस्व ग्राम हैं, जिसकी सीमाओं के भीतर छोटे- बडे झाड के जंगल हैं। 13709 ऐसे ग्राम हैं, जिनकी सीमा से जंगल लगे हैं तथा इन ग्रामों के भीतर भी छोटे - बडे झाड के जंगल हैं। 5716 ऐसे ग्राम हैं, जिनकी सीमा से लगे जंगल है।

### सुविधाओं को देखकर और प्रमुख वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करके उनमें नई रुचियाँ और महत्वाकांक्षाएँ जाग्रत हुई हैं

# पीएम केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी के विद्यार्थियों ने किया इन्दौर का भ्रमण

**बडवानी।** बड़वानी 06 नवंबर 2024/पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी के विद्यार्थियों ने प्राचार्य श्रीमती संगीता शेल्के के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एक्सपोज़र विज़िट कार्यक्रम के तहत राजा रमन्ना प्रगत प्रोद्योगिकी केंद्र, इंदौर और देवी अहिल्या मीडिया अध्ययनशाला, इंदौर का भ्रमण किया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी के छात्रों ने पीएम श्री एक्सपोज़र विज़िट कार्यक्रम 2024-25 के तहत इंदौर स्थित राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरआरकैट) का एक प्रेरणादायक और शैक्षणिक दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को भारत में उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव देना था। इस समूह का गर्मजोशी से स्वागत एआईसी पीआई हब और आरआरकैट टीम द्वारा किया गया। दौरे का विशेष आकर्षण डॉ. सी. पी. पॉल और डॉ. अनुराग राय जैसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों द्वारा लिया गया सत्र था। जिन्होंने छात्रों को लेजर तकनीक, पार्टिकल एक्सेलरेटर और सिंक्रोट्रॉन विकिरण स्त्रोतों की




दुनिया से परिचित कराया। इस इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को वास्तविक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों को समझने और यह जानने का अवसर दिया कि भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांत कैसे व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में सहायक होते हैं। छात्रों ने उच्च-शक्ति लेजर का प्रदर्शन देखा और इसके चिकित्सा, उद्योग और सामग्री विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उपयोग के बारे में जाना। छात्रों ने लाइट एक्सप्लोराटोरियम म्यूज़ियम का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रकाश विज्ञान के अद्भुत पहलुओं को करीब से देखा और समझा। म्यूज़ियम में उन्हें प्रकाश के गुणों और व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले विभिन्न इंटरैक्टिव उपकरणों और प्रदर्शनों से अवगत कराया गया। यह अनुभव छात्रों के लिए विज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से समझने और भविष्य के अनुसंधान में उसकी भूमिका को देखने का एक रोमांचक अवसर साबित हुआ। भ्रमण में शामिल एक विद्यार्थी ने कहा, इन उन्नत सुविधाओं को देखकर और प्रमुख वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करके उनमें नई रुचियाँ और महत्वाकांक्षाएँ जाग्रत हुई हैं।

01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 5



## न्यूज ब्रीफ

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ

**सतना।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मध्यप्रदेश ट्राइवल अफेयर्स एण्ड शड्यूल कॉस्ट वेलफेयर ऑटोमेशन सिस्टम (एमपीटीएएएस) पोर्टल पर नवीनीकरण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण के सहायक संचालक केके शुक्ला ने नवीनीकरण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की जानकारी देते हुए सतना और मैहर जिले के सभी अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के प्राचार्यों से समस्त पात्र विद्यार्थियों के आवेदन समयावधि में भरवाये जाने तथा इसके लिए सभी विद्यार्थियों को सूचित करने के निर्देश दिये हैं।

### मॉडल स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा आज शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल पन्ना में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संविधान के मौलिक अधिकार और कर्त्तव्यों तथा कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। इसके साथ ही निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं क्रमशः अमन यादव, राधिका कुशवाहा, रंजीत कुमार पटेल, प्रकाश कुशवाहा, कृष्ण कुमार कुशवाहा, मेघा सिंह राजपूत, शैलेन्द्र कुमार यादव, शुभम किर्तनिया, कीर्ति त्रिपाठी, हर्ष सिंह, आरूवि ताम्रकार, संजय सिंह, अमृता वर्मा, नीरज अहिरवार, गोल्डी वर्मा एवं दिव्यांगी प्रजापति को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफ आनंद त्रिपाठी, प्राचार्य जे.के. पटेल और शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

पन्ना। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत अब 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, जिसके तहत प्रति वर्ष 5 लाख रूपए तक की निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड एवं समग्र फेमिली आईडी आवश्यक होगी। वरिष्ठ नागरिक पोर्टल अथवा आयुष्मान ऐप के माध्यम से स्वयं भी अपना पंजीयन कर सकते हैं। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को योजना के तहत एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जिनके परिवार पहले से ही योजना के तहत कवर हैं, उन्हें अपने लिए अतिरिक्त 5 लाख रूपये तक की वार्षिक टॉपअप कवरेज मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाकर रखें एवं केवाईसी भी करवा लें, ताकि आयुष्मान कार्ड शीघ्र बन सके।

### भागायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक पर्यटन विकास के लिए बेहतर प्रबंधन और पर्यटक सुविधाओं के संबंध में किया गया विचार विमर्श

**पन्ना।** कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को मड़ला के कर्णावती सभागार में वन विभाग की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों सहित समिति के सदस्यगण, मड़ला एवं हिनौता ग्राम पंचायत सरपंच, होटल व रिसॉर्ट संचालक, जिप्सी एवं गाइड एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इस दौरान पर्यटन विकास के लिए बेहतर प्रबंधन तथा पर्यटक सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के दौरान आवश्यक सुझावों से अवगत कराया गया। कमिश्नर डॉ. रावत ने बैठक में उपस्थितजनों से चर्चा के दौरान कहा कि पन्ना नेशनल पार्क प्रबंधन द्वारा हितधारकों के साथ पर्यटन सुविधाओं में बढ़ोत्तरी और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया जाएगा। पर्यटकों की जरूरी सुविधाओं के दृष्टिगत निवेशकों के आर्थिक लाभ भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व द्वारा स्वयं के स्तर पर राजस्व अर्जित करने का प्रयास भी किया जाए। छोटे-छोटे मुद्दों का त्वरित रूप से निराकरण हो। कमिश्नर ने विभिन्न समितियों के चुनाव में पारदर्शिता का आश्वासन दिया। साथ ही भारत सरकार द्वारा वन्य क्षेत्र एवं अभ्यारण्य में पर्यटकों की सुविधा के लिए जारी गाइडलाइन अनुरूप आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की बात कही। होटल एवं रिसोर्ट में वॉटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना तथा पर्यावरण के अनुकूल कचरा निष्पादन के लिए स्टेकहोल्डर्स से चर्चा कर स्थल चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने मड़ला में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम स्थापित करने, चयनित मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने और स्पीड सेंसर स्थापना के निर्देश भी दिए। पन्ना नेशनल पार्क की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की द्वारा समिति सदस्यों और उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को बैठक की रूपरेखा एवं एजेंडा के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि पन्ना नेशनल पार्क के तीन गेट के लिए 85 जिप्सी निर्धारित हैं। मड़ला गेट के लिए 60, हिनौता गेट के लिए 12 और अकोला गेट के लिए 13 जिप्सी पर्यटकों के लिए उपलब्ध है। भारत सरकार द्वारा जिप्सी संख्या यथावत रखकर अकोला गेट से पर्यटकों के लिए गत वर्ष प्रवेश शुरू करने की अनुमति प्रदान की गई थी। सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पन्ना-अमानगंज एवं पन्ना-छतरपुर मार्ग पर नेशनल पार्क क्षेत्र सीमा में स्पीड ब्रेकर, सकरिया में सीमेंट प्लांट के ट्रकों की आवाजाही के लिए बायपास निर्माण तथा मड़ला को अअन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

## किसान सम्मान निधि के सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें - कलेक्टर

# स्वामित्व योजना के सभी प्रकरण 30 नवम्बर तक निराकरण करें : कलेक्टर

**संवाददाता ➤ मण्डला**



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में कानून व्यवस्था की निगरानी तथा मूल कार्य पर विशेष ध्यान दें। शासन की प्रमुख योजनाओं के निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें। क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करके विकास योजनाओं का जायजा लें। स्वामित्व योजना में दर्ज सभी प्रकरणों का एसडीएम तथा तहसीलदार 30 नवम्बर तक निराकरण कराएं। समाधान ऑनलाइन में किसान सम्मान निधि तथा सीमांकन के प्रकरण एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल हैं। किसान सम्मान निधि से जुड़े सभी प्रकरण 9 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से निराकृत कर दें। प्रकरण लंबित रहने पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी तहसीलों में अभियान चलाएं। प्रत्येक राजस्व निरीक्षक और पटवारी को सीमांकन का साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य के अनुसार सीमांकन कराएं। सीमांकन और नामांतरण के निराकृत सभी प्रकरणों सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। सीमांकन और नामांतरण के तीन से छः महीने तक के लंबित प्रकरण विशेष प्रयास करके निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी में तय समय सीमा से अधिक समय तक लंबित रहने तथा बिना किसी आधार प्रकरण खारिज करने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। लापरवाह पटवारियों तथा राजस्व अधिकारियों पर कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यों के लिए जिन जमीनों का भू अर्जन किया गया है, अभियान चलाकर उनके नामांतरण कराएं। अर्जित जमीनों के खसरे में संबंधित विभाग का नाम दर्ज करें। भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों में सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी तहसीलों में राजस्व की वसूली बहुत कम है। लंबित राजस्व की वसूली करके उसे ऑनलाइन दर्ज कराएं। धारणाधिकार योजना के तहत भूमि आवंटन के प्रकरणों में भी प्रीमियम की राशि जमा कराएं। विभाग से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा समय पर दर्ज करें।

## पीएचई से एनओसी प्राप्त करके ही निर्माण कार्य शुरू करें - कलेक्टर

# पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों का 15 नवम्बर तक सुधार करें: कलेक्टर

**संवाददाता ➤ रीवा**



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में नलजल योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले में हर घर में नल से पानी की आपूर्ति के लिए पीएचई विभाग तथा जल जीवन मिशन द्वारा नलजल योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिले भर में चार बड़ी समूह नलजल योजनाओं तथा अन्य छोटी योजनाओं से पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्यों से जुड़े अधिकारी तथा जल जीवन मिशन के अधिकारी समन्वय के साथ पाइपलाइन बिछाने का कार्य करें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पाइपलाइन बिछाने के लिए कोई सड़क अथवा अन्य संरचना क्षतिग्रस्त न हो। साथ ही पाइपलाइन बिछाते समय भी निर्मित संरचनाओं को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। पाइपलाइन बिछाने के लिए जो सड़कें और नालियाँ क्षतिग्रस्त हो गई हैं उन्हें पीएचई विभाग तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी 15 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से सुधारें।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, भवन तथा अन्य निर्माण कार्य शुरू करते समय संबंधित विभाग जल जीवन मिशन तथा पीएचई विभाग से एनओसी अवश्य प्राप्त करें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि निर्माण कार्यों से पेयजल की पाइपलाइन को कोई नुकसान न हो। निर्माण कार्य शुरू होते समय पीएचई विभाग के तकनीकी अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहें। छोटी-छोटी गलतियों के कारण कई बसाहटों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके कारण सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान ऑनलाइन में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। नलजल योजनाओं के नियमित संचालन, हितग्राहियों से जल कर की वसूली तथा नल जल योजनाओं का रखरखाव जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी ।कलेक्टर ने कहा कि गोविंदगढ़ से टीकर तथा लक्ष्मणपुर मार्ग में क्षतिग्रस्त सड़कों का सुधार पीएचई एवं सड़क विकास निगम मिलकर करे। पेयजल की पाइपलाइन में मोटरपंप लगाने वालों को ग्राम पंचायत कठोरता से रोके। नलजल योजनाओं की निगरानी तथा जल कर की वसूली के लिए ग्राम पंचायतें स्वसहायता समूह अथवा युवाओं के समूह की सेवाएं ले सकती हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा वसूल की गई राशि निर्धारित बैंक खाते में जमा कराएं। इस राशि से पंप आपरेटर के मानदेय का भुगतान करें। पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर उनसे पेयजल की नियमित आपूर्ति कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नलजल योजनाओं के संचालन की हर सप्ताह समीक्षा करें ।बैठक में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी 15 दिवस तक क्षतिग्रस्त सड़कों का सुधार करा लेंगे। ओवरहेड टैंक बनाने के लिए शेष बचे सभी 20 स्थानों में 10 दिवस में भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी। बैठक में जिला प्रबंधक जल निगम चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना से 100 से अधिक गांवों में पानी की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। अब तक 46 गांवों से जल कर के रूप में 9 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है।

## ग्राम करसरा तेलियान बस्ती में उल्टी-दस्त की बीमारी नियंत्रित



**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि विकासखण्ड सोहावल के ग्राम करसरा तेलियान बस्ती में मंगलवार को उल्टी-दस्त के 12 मरीज प्रकाश में आये थे। जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराकर उपचार किया गया है। इनमें 4 मरीजों को घर पर ही उपचार प्रदान किया गया। सभी मरीजों के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है। उल्टी-दस्त से कोई भी मृत्यु नहीं हुई है। उल्टी-दस्त की सूचना प्राप्त होने पर ब्लाक आरआरटी टीम के अलावा जिले की टीम द्वारा प्रभावित ग्राम का भ्रमण किया गया। संक्रमण फैलने का मुख्य कारण पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन जगह-जगह टूटी होने के फलस्वरूप दूषित जल के उपयोग से पाया गया है। उल्टी-दस्त के प्रकरण को देखते हुए मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी समुदाय स्वास्थ्य केन्द्र कोठी द्वारा निगरानी बनाये रखने और उपचार के लिए गांव में टीम गठित की गई है। प्रभावित घरों में आवश्यक दवाईयां और ओआरएस घोल उपलब्ध कराया गया है। पेयजल स्त्रोतों का सेम्पल प्रिजर्व कर डीपीएचएल रीवा जांच के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों को पानी उबाल कर पीने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी को शुद्ध करने क्लोरीन की गोलियां वितरित की गई है। आगामी तीन दिवस तक चिकित्सक दल द्वारा गांवों में शिविर लगाकर आशा, एएनएम, सीएचओ को प्रत्येक घर का प्रतिदिन भ्रमण करने के निर्देश दिये गये हैं।


## ग्राम करसरा तेलियान बस्ती में उल्टी-दस्त की बीमारी नियंत्रित

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि विकासखण्ड सोहावल के ग्राम करसरा तेलियान बस्ती में मंगलवार को उल्टी-दस्त के 12 मरीज प्रकाश में आये थे। जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराकर उपचार किया गया है। इनमें 4 मरीजों को घर पर ही उपचार प्रदान किया गया। सभी मरीजों के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है। उल्टी-दस्त से कोई भी मृत्यु नहीं हुई है। उल्टी-दस्त की सूचना प्राप्त होने पर ब्लाक आरआरटी टीम के अलावा जिले की टीम द्वारा प्रभावित ग्राम का भ्रमण किया गया। संक्रमण फैलने का मुख्य कारण पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन जगह-जगह टूटी होने के फलस्वरूप दूषित जल के उपयोग से पाया गया है। उल्टी-दस्त के प्रकरण को देखते हुए मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी समुदाय स्वास्थ्य केन्द्र कोठी द्वारा निगरानी बनाये रखने और उपचार के लिए गांव में टीम गठित की गई है। प्रभावित घरों में आवश्यक दवाईयां और ओआरएस घोल उपलब्ध कराया गया है। पेयजल स्त्रोतों का सेम्पल प्रिजर्व कर डीपीएचएल रीवा जांच के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों को पानी उबाल कर पीने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी को शुद्ध करने क्लोरीन की गोलियां वितरित की गई है। आगामी तीन दिवस तक चिकित्सक दल द्वारा गांवों में शिविर लगाकर आशा, एएनएम, सीएचओ को प्रत्येक घर का प्रतिदिन भ्रमण करने के निर्देश दिये गये हैं।




## संयुक्त दल द्वारा उर्वरक स्कन्ध का भौतिक सत्यापन



**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार उर्वरकों के वितरण की मानीटरिंग के लिए गठित संयुक्त दल द्वारा बुधवार को आईएफएमएस पोर्टल में उपलब्ध उर्वरक का विभिन्न विक्रय केन्द्रों में जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि मनोज कश्यप और एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया के संयुक्त दल ने मेसर्स किशन खाद एजेंसी बिरला रोड, आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र माधवगढ एवं गुप्ता ट्रेडर्स माधवगढ में उपलब्ध उर्वरक स्टाक का सत्यापन किया गया। जिसमें मेसर्स किशन खाद एजेंसी से प्रथम दृश्टया स्कंध का मिलान नहीं पाये जाने पर उर्वरक का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है जबकि निर्देश दिये गये हैं।

## जनपद मुख्यालयों में हुआ शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन

# समाधान दिवस में 600 से अधिक शिकायतों का हुआ निराकरण

**संवाददाता ➤ सीधी**

समाधान ऑनलाइन में चयनित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार बुधवार 6 नवंबर को समाधान दिवस के रूप में मनाया गया। निर्देशानुसार जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर तथा विभागीय समन्वय कर 618 शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत किया गया। निराकृत शिकायतों में 458 शिकायतें ग्रेडिंग माह तथा 160 शिकायतें पूर्व के माह की रही।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषय



समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 25 नवंबर 2024 को सीएम हेल्पलाइन के चयनित विषयों, लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में की जावेगी। राजस्व विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन/राशि के भुगतान से संबंधित एवं भूमि के सीमांकन संबंधी, चिकित्सा शिक्षा विभाग की मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता योजनांतर्गत न्यूनतम राशि न मिलने/कम मिलने/निरस्त हो जाने संबंधी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हैण्डपम्प के रखरखाव/मरम्मत/विशेष खराबी का निराकरण न होने संबंधी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समग्र आईडी में नवीन परिवार/सदस्यों का नाम जोड़ा जाना अथवा गलत नाम हटाया जाना (समग्र आईडी की गैर तकनीकी समस्या ग्रामीण), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल जल योजना से संबंधित समस्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग खाद्यान्न की मात्रा संबंधी वं 100 दिवस से लंबित समस्त शिकायतें समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं।

01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 6



## न्यूज ब्रीफ



### ग्राम मड़ई में जंगली हाथियों का आतंक-राहगीरों में दहशत

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच ग्राम मड़ई में जंगली हाथियों का झुंड देखा गया। जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल व्याप्त हैं। जानकारी के अनुसार कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम मड़ई में हाथियों के अचानक आगमन से यातायात बाधित हो गया, और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर रख रही है, साथ ही सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं।

### कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कार अनियंत्रित हो गिरी खाई में-कार चालक मृत

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार अनियंत्रित हो सड़क से उतर खाई में जा गिरी। जिससे वाहन चालक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि एक अन्य युवक गंभीर घायल बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार उक्त कार में भिलाई से अंबिकापुर जा रहे दो लोग हादसे का शिकार हो गए जिससे कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक अन्य युवक गंभीर घायल बताया जा रहा हैं। बताया जा रहा हैं की मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदनपुर मोड़ के पास यह हादसा घटित हुआ है, जिसमें कार में सवार होकर दो लोग भिलाई से अंबिकापुर की ओर यात्रा कर रहे थे। इस बीच कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें कार चालक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर घायल हुआ है। मृतक की पहचान अंकित विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी अंबिकापुर के रूप में की गयी हैं, वहीं घायल की पहचान विवेक चंद (21) के रूप में हुई है। दोनों कार सवार अंबिकापुर के रहने वाले बताए जा रहे है। घटना की सुचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु ले जाया गया।

### वन्य प्राणियों को शिकार से बचाने दिया प्रशिक्षण

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा वन मंडल में वन्य प्राणियों को बचाने दो दिन तक अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। वन्य प्राणी विशेषज्ञ नेहा समुअल ने सुबह 5 से 10 बजे और शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक मुनगाडीह और पुटा के जंगल में जाकर प्रशिक्षण दिया। वन्य प्राणी विशेषज्ञ ने बताया कि किस तरह शिकारी छोटे-बड़े वन्य जीवों के शिकार के लिए जहर, फंदा और जाल का उपयोग करते हैं।

इसके लिए छोटे-छोटे पानी ठहराव स्थल पर किस तरह जहर डालकर शिकार करते हैं। बिजली के तार या अन्य तार का उपयोग कर फंदा भी बनाते हैं। उन्होंने बताया कि फंदा लगाकर शिकार किया जाता है। इसके लिए जगह चिन्हित होती है, जहां अक्सर वन्य प्राणी पानी पीने पहुंचते हैं। इसे रोकने के उपाय और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के उपाय भी बताए।

### 24 नवंबर को सतनामी समाज का परिचय सम्मेलन

कोरबा। गुरु घासीदास सतनामी समाज वैवाहिक समिति छत्तीसगढ़ 24 नवंबर को प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करेगी। सम्मेलन एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा के सेंट्रल रिक्रिएशन क्लब में होगा। समिति के प्रदेशाध्यक्ष उमेश कुमार महिलांगे ने बताया कि सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवा अपने जीवनसाथी की तलाश कर पाएंगे। पंजीयन कराने पर सम्मेलन में पहुंचे परिवारों को युवक-युवती का बायोडाटा की पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी।

# नपं नई लेदरी में निर्माण कार्य हेतू 1करोड़, 42 लाख का सौगात





**मनेन्द्रगढ़/एमसीबी**

नगर पंचायत नई लेदरी में विभिन्न वार्डों के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़, ब्यालिस लाख का सौगात देकर भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रेणुका सिंह विधायक भरतपुर सोनहत एवं नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष सरोज यादव, नपं नई लेदरी उपाध्यक्ष इंद्र कुमार पटेल, विनिता मलिक नपं. पार्षद नई लेदरी, रामरती नपं. पार्षद नई लेदरी, विजय कुमार चिहटेल नपं. पार्षद नई लेदरी एवं नपं नई लेदरी पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता एवं संतोष द्विवेदी प्रदेश कार्यसमति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंजना एवं सभी कर्मचारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों एवं काफी संख्या में आए हुए गणमान्य नागरिक के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## शुध्द पानी पिलाने के नाम पर अधिकांश कोरिया नीर महज शो-पीस बनी हुई हैं

# क्षेत्र के कई बंद पड़े शो-पीस कोरिया नीर को पुनः चालू करें:विकास पाण्डेय

**मनेंद्रगढ़/एमसीबी**

आम आदमी पार्टी जिला सचिव विकास पांडेय ने बताया की आज नगर पालिका मनेंद्रगढ़, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत झगराखांड व नगर पंचायत लेदरी के बंद कोरिया नीर को पुनः शुरू करने के लिए कलेक्टर महोदय को आवेदन दिया गया है।

विकास पांडेय ने आगे कहा कि, शासन द्वारा क्षेत्र के लोगों को पीने के साफ व स्वक्ष पानी की व्यस्था मुहैया कराने के लिए कोरिया नीर की शुरुआत की गयी थी। जिसमें सरकारी मद् के द्वारा प्रमुख जगहों को चिंहित करके साफ और शुद्ध पानी देने वाली मशीन लगायी गयी। मगर दुर्भाग्य से आज आधे से ज्यादा कोरिया नीर बंद पड़े हैं और लोगों को शुद्ध पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विकास पांडेय ने बताया कि, जो पानी पीएचई विभाग द्वारा घरों तक पहुंचाया जा रहा है, उसकी भी गुणवत्ता इतनी अच्छी नहीं है की उसे सीधा पीने के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। मनेंद्रगढ़ जैसे छोटे शहर में लगातार



कैंसर के मरीज बढ़ रहें हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र का पानी सीधे पीने लायक तो बिल्कुल भी नहीं है। पानी की सफ़ाई के नाम पर जो एलम इस्तेमाल किया जाता है। उसकी भी आधे से ज्यादा राशि कमीशन खोरी में चली जा रही है।

नगर पालिका मनेंद्रगढ़ समेत सभी नगर पंचायत के किसी भी दल के, किसी भी राजनैतिक प्रतिनिधि को इस क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ की कोई चिंता नहीं है, जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। विकास पांडेय ने कहा कि, यह मामला सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है। हमने ज्ञापन के द्वारा कलेक्टर महोदय से निवेदन किया है की नगर पालिका मनेंद्रगढ़, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत झगराखांड व नगर पंचायत लेदरी के सभी बंद कोरिया नीर को पुनः शुरू करवाया जाये।

आम आदमी पार्टी लोगों से जुड़े मुद्दों पर लड़ाई लड़ने में हमेशा प्रथम पंक्ति में रही है चाहे वह स्वास्थ्य विभाग का मामला हो या फिर नगर पंचायत झगराखांड में 4 महीने से बंद पानी के सप्लाई को शुरू कराने का। जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए आगे भी पार्टी सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी।

### कार्यभार संभालते ही नये आयुक्त ने छठ घाटो में चल रहे सफ़ाई अभियान का किया निरीक्षण

दुर्ग । नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कार्यभार संभालते ही आज आल सुबह नये आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा,शोएब अहमद,एमएमयू कुणाल, राहुल व टीम के साथ वार्ड 21 पुजारी तलाब साफ सफाई व्यवस्था सहित छठ पूजा से पहले तालाबो की साफ सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निर्देश दिये और नागरिको से अपील की वे तालाबो को साफ रखने में निगम की मदद करें। तालाबो में पूजन सामग्री विसर्जित न करें। उन्होंने निरीक्षण के मौके पर बोले कि छठ महापर्व के दौरान एक स्वच्छ एवं साफ़ वातावरण में श्रद्धालु पूजा करने को मिले। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग पूरी टीम मुस्तैदी के साथ कार्यों का निष्पादन करे। सभी अपने-अपने संबंधित जोन में सफ़ाई अभियान को प्राथमिकता के साथ मॉनिटिंग करे।आयुक्त बोले अगले 24 घंटों के भीतर सभी चिन्हित छठ तालाबो की संपूर्ण सफ़ाई सुनिश्चित करें।नये आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के साथ-साथ लाखों श्रद्धालु छठ घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए जुटते हैं। इसके लिए निगम स्तर से साफ सफाई व्यवस्थाओं की तैयारियां की जा रही है।

## टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की 10 रीजन टीम लेंगी भाग

# विद्युत उत्पादन कोरबा-पूर्व करेगा इंटर रीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता की मेजबानी

**संवाददाता ➤ कोरबा**

छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा-पूर्व को इस वर्ष आयोजित होने वाली इंटर रीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका मिला हैं। जिसके लिए टर्फ पिच का भूमि पूजन कार्यपालक निदेशक संजीव कंसल एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एल.एन. सूर्यवंशी, एस.ई. भूआर्य एवं क्रीड़ा सचिव पी.आर. वार्ते के द्वारा किया गया। कोरबा-पूर्व के खिलाड़ी सरोज राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम



से बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाली उपरोक्त टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की 10 रीजन टीमे भाग लेंगी। उपरोक्त पिच के निर्माण को कोरबा क्रिकेट एसोसिएशन ने भी सराहना की है ।

# कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी की अध्यक्ष बनी प्रीति साहू

**संवाददाता ➤ दुर्ग**

विगत दिनों जिले के प्रभारी मंत्री विजय शार्मा की अनुशंसा एवं जिलाधीश दुर्ग के आदेशानुसार शासकीय डॉ. वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष के रूप में श्रीमती प्रीति साहू को नामांकित किया गया है। श्रीमती प्रीति साहू वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कसारीडीह की महामंत्री है। लम्बे समय के इंतजार के बाद जनभागीदारी समिति के गठन होने की प्रक्रिया -शुरू हो गई है। श्रीमती प्रीति साहू के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति का गठन होगा जिसमें सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के भी प्रतिनिधि महाविद्यालय के विकास हेतु अपना योगदान देगें। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष से उनकी औपचारिक मुलाकात हुई है और जल्द ही समिति का गठन कर पहली बैठक आहूत की जायेगी। विकास हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

## सायबर सेल की टीम ने लोगों को जागरूक किया

# छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के अंतर्गत कोरबा पुलिस के द्वारा लगाई गयी आर्म्स प्रदर्शनी

**संवाददाता ➤ कोरबा**

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव-2024 के अवसर पर कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.पी.एस. चौहान व नेहा वर्मा की मार्गदर्शन में कोरबा पुलिस के द्वारा घंटाघर स्थित ओपन थिएटर मैदान में सायबर सेल, महिला सेल, यातायात पुलिस एवं आर्म्स प्रदर्शनी लगाकर लोगों को पुलिस के कार्यों के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर सायबर सेल की टीम ने साइबर जागरूक किया और साइबर फ्रॉड से होने वाले ठगी के बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें साइबर जागरूकता का पंपलेट वितरण किया। साइबर ठगी होने के बाद 1930 पर अपना कंप्लेन दर्ज कर सकते हैं या तो नजदीकी पुलिस थाना जाकर भी अपना कंप्लेन को दर्ज कर सकते हैं। सायबर सेल में भी जाकर अपना कंप्लेंट दर्ज कराया जा सकता है। इस बारे में लोगों को जागरूक किया गया। अगर किसी व्यक्ति का मोबाइल गुम हो जाए, तो उसे सीईआईआर पोर्टल में कैसे कंप्लेंट दर्ज करना है, उसके बारे में भी सायबर सेल की टीम ने लोगों को जागरूक किया।

महिला सेल की टीम के द्वारा महिला संबंधी अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी लोगों को साझा कर महिलाओं के लिए बनाया गया अभिव्यक्ति ऐप के बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें डाउनलोड भी करवाया गया। उनको उपयोग के बारे में उन्हें बताया गया। महिलाओं और बालिकाओं को मैत्री व्हाट्सऐप हेल्पलाइन नंबर 9479282100 के बारे में भी बताया गया। पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में इस वर्ष कुल 200 परिवारों में परामर्श के माध्यम से समझौता कराकर मिलाया गया है। यातायात पुलिस की टीम ने भी यातायात संबंधी जानकारी को लोगों को बताया और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। यातायात पुलिस के द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव नहीं करने, फोर व्हीलर वाहन का उपयोग करते समय सीट बेल्ट लगाकर वाहन को चलाने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, साथ ही साथ यातायात पुलिस के द्वारा ट्रैफिक सिग्नल पर सिग्नल क्रॉस नहीं करने के लिए भी बताया गया यातायात पुलिस लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। स्टॉल में विभिन्न यातायात संबंधी उपकरण जैसे व्हीकल इम्मोबलाइज़र, ब्रेथ एनालाइजर, साउंड लेवल मीटर, स्पीड राडार गन, बॉडी वोर्न कैमरा आदि के बारे में भी बताया गया। पुलिस की आर्मर शाखा के द्वारा आर्म्स प्रदर्शनी लगाई गयी। जिसमें एसएलआर, इंसास, पिस्टल, एके 47, हैंड ग्रेनेड, एच ई बॉम्ब, डीप सर्च मेटल डिटेक्टर आदि का प्रदर्शनी लगाकर लोगों को आर्म्स के बारे में जानकारी दिया गया।

## तीन सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु संभाग स्तरीय हड़ताल में बिलासपुर में बैठे संभाग के सहकारी कर्मचारी

# जिले के भी सहकारी समिति में लटका ताला-कर्मचारी रहेंगे हड़ताल में

**संवाददाता ➤ कोरबा**

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6685 महासंघ के आह्वान पर जिले के भी सहकारी समिति कर्मचारी अपनी लंबित तीन सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से कोरबा जिला की सभी 41 सहकारी समितियां में ताला लटक रहा हैं। जिससे समिति के कार्य प्रभावित होते नजर आ रहे हैं, क्योंकि समितियों के बंद होने से समिति प्रबंधक विक्रेता लिपिक एवं चौकीदार समिति में कार्य नहीं कर रहे हैं। इस कारण सारा भार ऑपरेटर के ऊपर आ रहा है। अभी-अभी



ऑपरेटर लोग भी अपने हड़ताल समाप्त कर समितियों में वापस हुए कोरबा जिले के सभी सहकारी समिति कर्मचारी संभाग स्तरीय हड़ताल में बिलासपुर में बैठ रहे हैं और अपनी तीन सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु एकजुट होकर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। इनकी तीन सूत्रीय मांगों में प्रत्येक समिति को तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान जो मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू कर दिया गया है और वहां के प्रत्येक समिति को तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान दिया जा रहा है उसी प्रकार छत्तीसगढ़ के भी सभी सहकारी समितियां को तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए, दूसरा सेवन नियम 2018 में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, तीसरा धान खरीदी में सुखत मान्य करते हुए सुरक्षा प्रासंगिक प्रशासनिक व्यय एवं कमीशन की राशि को चार गुना बढ़ोतरी आदि हैं। हड़ताल के प्रथम दिन संघ के जिला अध्यक्ष विनोद भट्ट, सचिव तुलेश्वर कौशिक, संघ के पदाधिकारी वेद प्रकाश वैष्णव, अरुण ईजवा, अशोक दुबे,जिले के लगभग 50 से ऊपर सहकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 7





जीवन में प्यार की शक्ति का रहस्य अजीबोगरीब है। इसकी ऊर्जा अनंत है। इसके आभास मात्र से आप सक्रिय हो उठते हैं। भरपूर शक्ति के साथ काम में जुट जाते हैं। यही अहसास अगर जीवन संगिनी के साथ होने का हो तो तय है कि आप इसके बल पर अपनी जिंदगी में किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं।

# जरा छूकर देखो

**सामान्यतया** जीवन संगिनी के प्रेम को लेकर भारतीय समाज में ढेरों धारणाएं हैं। ऐसा माना जाता है कि अगर जीवनसाथी के साथ व्यावहारिक जीवन सहज है तो उससे बेहतर जिंदगी नहीं हो सकती। वास्तव में है भी ऐसा, क्योंकि तरोताजा बने रहने और पूरी क्षमता के साथ काम करने के लिए सुकून सबसे अहम चीज है। इसे आप पैसों से नहीं खरीद सकते। इसे आप अपने व्यवहार और आपसी समझ से ही प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए कहा गया है कि प्यार केवल भावनाओं का लेना-देना नहीं, बल्कि इसमें स्पर्श का योगदान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। कुछ समय पहले ही अमेरिका में हुए एक शोध में पाया गया है कि कोई भी महिला या लड़की किसी पुरुष को अगर प्यार से छू ले या पुरुष के पीठ का स्पर्श मात्र कर दे तो उसे सुकून मिलता है। उसका मानसिक तनाव कुछ कम हो जाता है। वह दुगुनी साहस के साथ चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए उठ खड़ा होता है।


## स्पर्श में जादू

महिलाओं के स्पर्श में वह जादू है, जो दवा का काम करता है। महिलाओं के छुअन मात्र से पुरुष खुद को सुरक्षित महसूस करने लगते हैं। कोई भी खतरा मोल लेने को तैयार हो जाते हैं। सुरक्षा का यही बोध उन्हें अपने जीवन में निश्चिंत रहने और हर जिम्मेदारी को

# सजने-संवरने पर रोज दीजिए 18 मिनट

ज्यादातर लोगों की हमेशा यह जानने में दिलचस्पी होती है कि महिलाएं घर से बाहर निकलने से पहले आइने के सामने कितना समय लगाती हैं। अब तक महिलाओं के बारे में यह पता नहीं चल सका है। लेकिन इसका जवाब मिल गया कि ब्रिटेन में पुरुषों को सजने-संवरने में कितना समय लगता है।









एक शोध में पता चला है कि औसत ब्रिटिश पुरुष रोज सुबह तैयार होने या संजने-संवरने में पूरे 18 मिनट खर्च करते हैं। ब्रिटेन में खुद की खूबसूरती पर गुमान करने वाले पुरुषों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ये पुरुष अपने जीवनकाल में 5,105 मिनट या अपनी जिंदगी साढ़े तीन से कुछ ज्यादा दिन आइने के सामने खुद को आकर्षक बनाने में व्यतीत करते हैं। यह सर्वेक्षण 1,012 पुरुषों पर किया गया था। इनमें से 54 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया कि वे अपने साथी को खुश करने के लिए ऐसा करते हैं।

## दूसरों से स्मार्ट लगें

एक चौथाई पुरुषों का कहना था कि वे साथी पुरुषों से श्रेष्ठ दिखने की प्रतिस्पर्धा में ऐसा करते हैं। 38 प्रतिशत पुरुषों का कहना था कि वे अपने व्यक्तित्व को निखारने या खुद को खूबसूरत बनाने के संबंध में बहुत थोड़ा ही जानते हैं। उनका कहना था कि उन्हें इसके नुस्खे पूछने में झिझक महसूस होती है। वेल्श में सबसे ज्यादा, 70 प्रतिशत पुरुषों ने स्वीकार किया कि वे खूबसूरत दिखने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इससे विपरीत वेस्ट मिडलैंड्स में पुरुषों को तैयार होने में केवल 10 मिनट का समय लगता है। उनका कहना था कि संजने-संवरने में 18 मिनट जरूर लगते हैं, लेकिन जब किसी से पहली बार मिलते हैं तो वह तारीफ करता है।








# तैयार करें परफेक्ट ट्रेवल ब्यूटी किट

मेकअप और जरूरी सामान रखने के लिए ज्यादातर महिलाओं के पास ब्यूटी किट होती है। मगर, मुश्किल तब आती है जब आपको इस ब्यूटी किट को अपने साथ ले जाना हो और आपको यह समझ न आए कि क्या रखें और क्या न रखें। तो अब जानिए हर ओकेजन के हिसाब से कैसे तैयार करें ब्यूटी किट।



## शादी के लिए

- शादियों के लिए जब भी ब्यूटी किट तैयार करें, तो उसमें अपने पसंदीदा परफ्यूम के लिए जगह बनाएं।
- सहेली की बिदाई के दौरान कई बार आंखें नम हो जाती हैं, इसलिए एक वाटरप्रूफ मस्कारा रखना न भूलें।
- शादी में कई कार्यक्रम होते हैं और हर कार्यक्रम में नया हेयरस्टाइल होना जरूरी है। इसलिए एक हेयर स्ट्रेटनर और एक हेयर कर्लर रखना न भूलें।

## पार्टी के लिए

- हेयर एक्सटेंशन, हेयर मस्कारा साथ रखें, ताकि आपके बाल सभी से ज्यादा स्टाइलिश नजर आ सकें।
- अगर आपके बाल काफी लंबे हैं, तो आप हेयर मूस को साथ रखें, इससे आपके बाल अधिक घने और चमकदार दिखते हैं।
- एक हेयर रिमूवल क्रीम और रेजर भी पैक करना न भूलें
- क्लींजिंग मिल्क भी जरूर रखें, ताकि आप पार्टी मेकअप को ठीक तरह से अपने चेहरे से हटा सकें।

## पिकनिक के लिए

- क्योंकि आप पूरा समय बाहर रहने वाली हैं तो अपने बैग में एसपीएफ 30 सनस्क्रीन लोशन रखना न भूलें।
- इस दौरान आपको कई वेट वाइप्स या टिशूज भी पैक करने चाहिए, क्योंकि पिकनिक पर भागा-दौड़ काफी होती है।
- एक अच्छा हैंड सेनिटाइजर रखना न भूलें। क्योंकि हाथ बार-बार धोना संभव नहीं होता।

# अब जींस पर साड़ी बांधिये

**फैशन** के इस दौर में साड़ी को अलग ढंग से बांधने के तरीके से अवगत कराया जा रहा है। पारंपरिक परिधानों को नए अवतार में पेश करने के विषय में पूछने पर बताया छरहरी और लंबी दिखने वाली लड़कियां साड़ी पर बेल्ट लगा सकती हैं। इसमें आप अधिक युवा और आकर्षक नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के लिए शादी का जोड़ा तैयार किया था ताहिलयानी ने। उनका कहना है कि सुनहरी या चांदी की रंगत वाली बेल्ट पारंपरिक कमरबंध के स्थान पर आधुनिक कमरबंध के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है। अब जींस के ऊपर साड़ी बांधना नए फैशन में है।



अब एक फैशन में पारंपरिक साड़ी को अलग-अलग तरह से बांधकर उसे अब एक नये ढंग व आधुनिक रूप दिया जा सकता है। डिजाइनरों के अनुसार इन दिनों जींस के ऊपर साड़ी बांधने या साड़ी पर बेल्ट लगाने का फैशन है। युवा लड़कियों ने साड़ी बांधने के इन तरीकों का स्वागत किया है।

# बिंदास लुक के लिए टशनी ट्राउजर



## लेटेस्ट फैशन

टाइट फिटेड ट्राउजर व जींस वार्डरोब से बाहर हो चुके हैं और इनकी जगह वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस ने ले ली है। पिछले दिनों आईं कई फिल्मों में वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस खूब दिखाई दीं। यदि आप भी कुछ नई ड्रेस तलाश रही हैं, तो इन्हें ट्राई कर सकती हैं।

## रफ एंड टफ ड्रेस

वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस रफ एंड टफ स्टाइल है, जो आपको ग्लैमरस व बोल्ड लुक देता है। लड़कियां बिंदास लुक चाहती हैं, तो उनके लिए यह परफेक्ट ड्रेस है। इस आउटफिट पर चौड़ी बेल्ट भी फैशन में है। इसमें आप लेदर या फिर ट्राउजर के फैब्रिक से ही मैच करती बेल्ट डिजाइन करवा सकती हैं। यदि आप हाई वेस्ट वाइड लेग्स ट्राउजर पहन रही हैं, तो उस पर चौड़ी बेल्ट पहनें। इससे लुक अच्छा आएगा।

## डिजाइन व पैटर्न

आप इन्हें कई स्टाइल में खरीद सकती हैं। इसमें हाई वेस्ट, लो वेस्ट, प्लेटेड वगैरह स्टाइल खास हैं। इसके साथ फिटेड टी-शर्ट, फ्रील शर्ट, शॉर्ट जैकेट को कोट के साथ मैच करके पहना जा सकता है। आप वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस की चौड़ाई अपनी चॉइस के मुताबिक कम या ज्यादा भी करवा सकती हैं।

## 1980 का ट्रेंड

वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस नया स्टाइल नहीं है। यह 1980 का फैशन है, जो नए अंदाज के साथ लौट आया है। डिजाइनर्स ने इसमें अपनी क्रिएटिविटी यूज करके इसे और भी स्टाइलिश व फैंसी बना दिया है। फैशन डिजाइनर कहना है कि लूज ड्रेसेज ही ज्यादा कम्फर्टेबल होती हैं। ऐसे में वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर जींस बेस्ट ड्रेस हैं।



यदि आप बिंदास व रफ एंड टफ लुक चाहती हैं, तो वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस ट्राई कर सकती हैं। यह नया ट्रेंड है और इन दिनों लड़कियों के बीच बेहद पॉपुलर है। एक नजर डालते हैं इसके ट्रेंड पर।

## नए प्रिंटेट

यदि प्रिंट की बात की जाए तो इसमें प्लेन, प्रिंटेड, एम्ब्रॉयडरी वर्क भी ट्रेंड में हैं। कई फैशन डिजाइनर्स ने वाइड लेग्स ट्राउजर व फ्लेयर लेग्स जींस में कई डिजाइन पेश किए हैं। इसमें शीयर फैब्रिक में भी आपको ट्राउजर मिल जाएंगे, जो पूरी तरह नया स्टाइल है।

## बेस्ट कलर

आप लाइट कलर के ट्राउजर ही चुनें। वाइट, लाइट स्काई, पिंक, पर्पल, ग्रे, यलो व डल ब्लैक वगैरह प्रिफर करें। वहीं फ्लेयर लेग्स जींस में ब्लू, मस्टर्ड व ग्रीन कलर ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।

01-NOV-24- FATVA:01-NOV-24- FATVA.qxd 07-Nov-24 9:43 AM Page 8



## न्यूज ब्रीफ



### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम

**अनूपपुर** ।मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल 06 नवम्बर 2024 को शाम 4:10 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2:25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। रात्रि 2:35 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे एवं निज निवास बिजुरी में रात्रि विश्राम करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

### अब बुजुर्गों के पविार को 10 लाख रुपए का आयुष्मान

भोपाल। आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत हितग्राहियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी है। ऐसे परिवार जिनका पहले से ही आयुष्मान कार्ड बना हुआ है और उनके परिवार में 70 साल के बुजुर्ग का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, तो उनके पूरे परिवार को दस लाख का पारिवारिक कवरेज मिल सकेगा। 70 साल से अधिक बुजुर्गों को आयुष्मान भारत निरामय में शामिल करने के लिए पूरे भारत में 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है कि इन हितग्राहियों को अब पारिवारिक आयुष्मान कार्ड कवरेज के साथ इस योजना का लाभ भी मिलेगा। यानी कि यदि आयुष्मान कार्ड श्रेणी में परिवार पहले से ही सम्मिलित है, को कुल मिलाकर 10 लाख तक का इलाज परिवार मुफ्त में करा सकेगा। इसके लिए सभी वरिष्ठ नागरिकों को अपने-अपने आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट और मोबाइल नं. का अपडेशन कराना अनिवार्य किया गया है।

### आरजीपीवी के संविदा कर्मचारियों को नहीं मिला अक्टूबर का वेतन

भोपाल ।पड़ोसी राज्यों सहित मध्य प्रदेश में नियमित कर्मचारियों को अक्टूबर का वेतन दिवाली से पहले दिया गया। वित्त विभाग ने निर्देश दिए थे कि स्वशासी संस्थाएं भी दिवाली से पहले वेतन दे दें, पर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय में मुख्यमंत्री और वित्त विभाग के इस आदेश का पालन नहीं हुआ। विवि के संविदा कर्मचारियों (प्राध्यापक-अतिथि विद्वानों) को अब तक वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारी बताते हैं कि यह पहली बार नहीं है, हर बार दूसरा महीना पूरा होने के बाद ही वेतन मिलता है।
संविदा अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि दिवाली पर वेतन न मिलने से विवि के कर्मचारियों की दिवाली की खुशियां फीकी ही रहीं। वे कहते हैं कि हर महीने 20 से 25 तारीख को ही इन कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है। सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि हर विभाग में कर्मचारियों को महीने की पहली तारीख को वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन आरजीपीवी प्रबंधन अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों को एक माह विलंब से वेतन दिया जा रहा है। जिस कारण सहायक प्राध्यापक अपने बच्चों की स्कूल की फीस, लोन की ईएमआई नहीं चुका पा रहें हैं। वे कहते हैं कि स्कूल और बैंक की फीस विलंब से देने के कारण पेनल्टी भी देनी पड़ती है। जब प्रबंधन नियमित कर्मचारियों को समय पर वेतन दे रहा है तो संविदा पर कार्यरत सहायक प्राध्यापकों को क्यों परेशान कर रहा है। राठौर ने राज्यपाल और तकनीकी शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर आरजीपीवी के यूडीटी, पॉलीटेक्निक विंग में कार्यरत सहायक प्राध्यापकों को प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन भुगतान करने की मांग की है।

### स्पेन में स्मार्ट सिटी एक्सपो में हिस्सा लेने पहुंचे 4 आईएएस अफसर

भोपाल। स्पेन के बार्सिलोना में स्मार्टसिटी एक्सपो एवं वर्ल्ड कॉफ्रेंस 2024 का आयोजन हो रहा है। जिसमें हिस्सा लेने के लिए भोपाल निगमायुक्त हरेन्द्र नारायण, उज्जैन निगमायुक्त आशीष पाठक, जबलपुर नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव और इंदौर विकास प्राधिकरण के मख्य कार्यपालन अधिकारी रामप्रकाश अहिरवार स्पेन गए हैं।

### संगठन में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण

भोपाल ।संगठन पर्व के रूप में भाजपा ने अपना चुनाव अभियान शुरू कर दिया है। बूथ की 11 सदस्यीय टोली में 33 प्रतिशत यानी 3 महिला कार्यकर्ताओं को अनिवार्य रूप से स्थान देना होगा। दरअसल, प्रदेश की मोहन कैबिनेट ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण देने का फैसला किया है। इस फैसले से यह साफ हो गया है कि भाजपा महिला वोटर्स पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने देना चाहती। अगले महीने में संभावित भाजपा के संगठन चुनाव में महिला नेत्रियां मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष के चुनाव में दावेदारी करेंगी।
भाजपा ने संगठन चुनाव को लेकर बनाई गई गाइडलाइन में यह तय किया है कि बूथ समिति में अनिवार्य रूप से 3 महिलाओं को शामिल किया जाए।

# प्रदेश के 19 जिलों में ट्रायबल मल्टी-पर्पज मार्केटिंग सेंटर्स की स्थापना के लिये प्रस्ताव भेजा

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बनेंगे टीएमएमसी

**संवाददाता ■ भोपाल**

जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि देश के सभी जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास एवं जनजातियों को देश में हो रहे चहुंमुखी विकास के प्रकाश का लाभ देने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रदेश के 51 जिलों के 267 विकासखंडों में स्थित 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांवों का संर्वागीण विकास किया जायेगा। इन 51 जिलों में 43 जनजातीय समुदायों के 18 लाख 58 हजार परिवार निवास करते हैं, जिनकी कुल 93 लाख 23 हजार आबादी इस अभियान से सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में 100 ट्रायबल मल्टी-पर्पज मार्केटिंग सेंटर्स (टीएमएमसी) या कहें %जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार% तैयार करने की योजना है। इसमें 'पहले आयें-पहले पायें' की तर्ज पर केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय को जिस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से सबसे पहले प्रस्ताव मिलेंगे, उन्हें प्राथमिकता से यह टीएमएमसी आवंटित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने इस दिशा में त्वरित एवं प्रगतिशील कदम उठाते हुए केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव को वित्त वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 19 जिलों में एक-एक टीएमएमसी स्थापित करने का अधिकृत प्रस्ताव भेज दिया है।प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्य विभाग डॉ. ई. रमेश कुमार ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राज्य सरकार की ओर से केन्द्र सरकार को प्रदेश के 19 जिलों में एक-एक टीएमएमसी (जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार) स्थापना के लिये विधिवत् प्रस्ताव भेज दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार 19 जिलों में यह टीएमएमसी एक-एक करोड़ रूपये लागत से लगभग 2000 स्क्वायर मीटर लैंड एरिया में बनाये जायेंगे, जिसका बिल्ट-अप लैंड एरिया करीब 367.80 स्क्वायर मीटर होगा।प्रमुख सचिव डॉ. कुमार ने बताया कि यह टीएमएमसी राज्य सरकार के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित किये जायेंगे। टीएमएमसी की स्थापना के लिये धनराशि केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। टीएमएमसी में जनजातियों की पुरातन कला, संस्कृति के प्रतीक, शिल्पकारी, चित्रकारी, खिलौने, मिट्टी व बांस से निर्मित उत्पाद आदि का विक्रय भी किया जायेगा। इससे जनजातीय समुदाय को आजीविका के नये साधन मुहैया होंगे और इन्हें अतिरिक्त आय उपार्जन भी हो सकेगा। टीएमएमसी स्थापना का मुख्य उद्देश्य जनजातियों द्वारा एकत्रित की जाने वाली लघु वनोपजों व गैर लघु वनोपजों का एक ही छत के नीचे प्रदर्शन, इनकी गुणवत्ता संवर्धन एवं इन वनोपजों के विक्रय के लिये जनजातीय बंधुओं को स्थायी प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है। इससे जनजातियों की आजीविका में तेजी से सुधार के साथ इन्हें अपने स्व-निर्मित आऊटलेट की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## पंचचौकी महाआरती में जिले के सभी नागरिक शामिल होंगे - सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते

# एकादशी से माँ नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती का शुभारंभ किया जाएगा: मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

**अनवर खान ■ मंडला**

मंडला-प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि माँ नर्मदा नदी मंडला जिले के लिए जीवन दायिनी एवं धार्मिक नदी है। माँ नर्मदा नदी के लिए लोगों के मन में गहरी आस्था है। नर्मदा नदी के दर्शन और परिक्रमा के लिए लाखों श्रद्धालु मंडला जिले में आते हैं। नर्मदा नदी मंडला जिले में सबसे लम्बी यात्रा करती है जो कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है। एकादशी के अवसर पर नर्मदा नदी के रपटाघाट (माहिष्मति घाट) से नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारीगण, नागरिकों और पत्रकारगणों की सहभागिता जरूरी है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरूवार को जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में माँ नर्मदा जी की महाआरती करने की तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा,



जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष सोनू भलावी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जिला पंचायत सदस्य सभापति शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला गजानंद नाफड़े सहित नगरपालिका के पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, व्यापारीगण, मंदिर समितियों के पदाधिकारी और पत्रकारगण मौजूद थे। समिति के द्वारा सर्वसहमति से प्रस्ताव पास किया गया कि रपटाघाट अब माहिष्मति घाट के नाम से जाना जाएगा। पांच लाख रूपए जमा कर कोई भी नागरिक समिति में स्थाई सदस्य बन सकता है। इक्कईस हजार रूपए जमा करने पर अस्थाई सदस्य बने रहेंगे। सभी सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष इस समिति में सदस्य बन सकते हैं। नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती का शुभारंभ एकादशी से प्रारंभ होगी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि धर्म प्रेमियों के द्वारा आग्रह किया गया है कि मंडला जिले में नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती प्रारंभ किया जाए। जैसा कि ग्वारीघाट, महाकालेश्वर उज्जैन, प्रयागराज, अयोध्या, उज्जैन जैसे इत्यादि पवित्र नगरों में किया जा रहा है। महाआरती के लिए साउंड सिस्टम की जाएगी। विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा। स्क्रीन लगाई जाएगी, जिसमें संपूर्ण महाआरती प्रदर्शित होगी। उक्त स्क्रीन में विभिन्न प्रकार के विज्ञापन प्रदर्शित किए जा सकेंगे। कोई भी श्रद्धालु पंचचौकी महाआरती का आयोजन कर सकेगा। इसके लिए उससे विधिवत रूप से शुल्क लिया जाएगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि पंचचौकी महाआरती स्थल से अतिक्रमण हटाकर दुकानें व्यवस्थित रूप से स्थापित की जाएगी। पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। घाटों का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। सेल्फी प्वाईंट बनाए जाएंगे। नर्मदा नदी के तट पर सीमेंट के सोफे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देवउठनी एकादशी के दिन से माँ नर्मदा जी की महाआरती प्रारंभ की जाएगी। इस महाआरती में जिले के सभी श्रृद्धालु व नागरिकगण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महाआरती रपटाघाट (माहिष्मति घाट) में प्रतिदिन नियमित रूप से संपन्न की जाएगी। महाआरती का समय सर्दी के मौसम में सायंकाल 6:30 बजे और ग्रीष्मकाल में सायंकाल 7:30 बजे होगी। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि ट्रस्ट और समिति के द्वारा नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती नियमित रूप से की जाएगी।

## कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) का निरीक्षण किया



**कलेक्टर ने माहिष्मति घाट में नामकरण का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए**

**मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को माहिष्मति घाट (रपटाघाट) का निरीक्षण किया। उन्होंने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में स्थल चिन्हित कर पंचचौकी महाआरती आयोजित करने के लिए मंच बनाने के निर्देश दिए। एकादशी से माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में माँ नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती प्रारंभ की जाएगी। पंचचौकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालु और मंदिर समितियों के प्रमुख शामिल होंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में श्रद्धालुओं और नागरिकों को नर्मदा नदी में साबुन से नहीं नहाने और कपड़े नहीं धोने के निर्देश दिए। जिससे नर्मदा नदी का जल साफ व स्वच्छ प्रवाहित होता रहे। उन्होंने इसके लिए माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में पुलिस और नगरपालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। अब नर्मदा नदी के माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में प्लास्टिक, साबुन और गंदे कपड़े धोने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में मादक पदार्थों का सेवन करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध थाना कोतवाली प्रभारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) से भिखारियों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में रोजाना साफ-सफाई और प्रकाश का प्रबंध होगा।

## अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की ली गई अपराध समीक्षा बैठक

शहडोल। पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर के मीटिंग हाल में पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन शहडोल श्री अनुराग शर्मा के द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस महानिरीक्षक महोदय के द्वारा जिले के लंबित अपराधों, महिला संबंधी अपराधों, पाक्सो एक्ट के प्रकरणों, लंबित मर्ग, लंबित चालानों की थानावार समीक्षा की गयी।

पुलिस महानिरीक्षक महोदय के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देष दिए। चिन्हित अपराधों, महिला संबंधी



अपराधों को संवेदनषीलता से लेने, एसटी/एससी के रहत प्रकरणों एवं लंबित चालान, पाक्सों एक्ट के वारंटों की तामीली, स्थाई वारंटों की तामीली, सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देषित किया गया है।

## रमुन बैगा को मिला पक्का मकान, जीवन में आया सुधार

शहडोल। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत बैगा परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस योजना के तहत, अति पिछड़ी समुदाय के लोगों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा जिससे उनकी जीवनशैली में बदलाव आए। इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम भमला निवासी श्री रमुन बैगा को पीएम जनमन योजना के तहत पक्का आवास प्रदान किया गया है। पक्का आवास मिलने के बाद श्री रमुन बैगा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद हेतु कहा कि अब मै अपने परिवार के साथ सुरक्षित और बेहतर तरीके से जीवन जी सकूंगा। उन्होंने कहा कि पहले अस्थायी




और कमजोर आवासों में रहने की वजह से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पक्का घर मिलने से जीवन स्तर सुधर गया है।

## छठ महापर्व के लिए राजधानी के घाट सजधज कर तैयार

# शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में आयोजित किया गया रोड सेफ्टीअवेयरनेस कार्यक्रम

**अनूपपुर** । ट्रैफिक रूल्स की जानकारी ना होने से सड़क दुर्घटनाएं घटित होती हैं, आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से स्कूल /कालेज के छात्र-छात्राओं के बीच यातायात पुलिस द्वारा अधिक से अधिक ट्रेफिक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम मे आज शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर मे छात्र-छात्राओं के बीच ट्रेफिक अवेयरनेस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यातायात प्रभारी ज्योति दुबे द्वारा बच्चो को शॉर्ट मूवी प्रेजेंटेशन के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नल, रोड साइन ,रोड मार्किंग ,सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति एवं कारण, सड़क पर पैदल चलते समय सावधानियां ,राइट ऑफ वे, गुड सेमोरिटन योजना, पीड़ित प्रतिकर





योजना, लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया आदि के विषय समझाइश दी गई, कार्यक्रम में लगभग 95 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जिंसी जहांगीराचाद, भोपाल, मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। **संपादक**-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनुपपुर होगा। मो. 9893798715